तापमान

अधिकतम 33.6 डिग्री

न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



ट्रेन में सफर कर रही महिला यात्री के बच्चे का स्वास्थ्य खराब हो गया। इलाज के लिए वे बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचीं, लेकिन नहीं मिले डॉक्टर।

खबर संक्षेप

जिले के सभी नए एसडीएम ने सम्हाला कार्यभार

बिलासपुर। कलेक्टर द्वारा हाल ही में किए गए प्रशासनिक फेरदबल के अंतर्गत सभी अनुभागों में बदले गए अनुभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी नई पदस्थापना वाली जगहों पर सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत बिल्हा एसडीए आकांक्षा त्रिपाठी ने बिलासपुर एसडीएम के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। स्थानांतरण से बिलासपुर आए संयुक्त कलेक्टर नंद कुमार चौबे द्वारा बिल्हा एसडीएम के रूप में चार्ज लिया गया। वे नजूल और डीएमएफ का अतिरिक्त प्रभार भी सम्हालेंगे। इसी तरह बजरंग सिंह वर्मा ने एसडीएम मस्तूरी, सीमा पात्रे एसडीएम कोटा व नारायण प्रसाद गबेल ने तखतपुर एसडीएम के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

व्याख्याता ने लगाया प्राचार्य पर धमकी देने का आरोप

बिलासपुर। कोटा क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल धौराभाठा में पदस्थापना को लेकर उपजे विवाद के बाद प्राचार्य पर एक शिक्षक को नुकसान पहुंचाने और मारने-पीटने के लिए कथित तौर पर सुपारी देने का गंभीर आरोप लगा है। व्याख्याता राजेश कुमार सोनी ने आरोप लगाया है कि स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें नुकसान पहुँचाने की बात कही। पीड़ित शिक्षक ने इस मामले में वॉयस रिकॉर्डिंग के साथ पुलिस और प्रशासन के समक्ष आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

जागा विभाग, मेडिकल स्टोर्स में की गई जांच

बिलासपुर। हरिभूमि में आदेश बेअसर.... 90 फीसदी निजी अस्पतालों की फार्मेसी से गायब खरीदी अनिवार्य नहीं का बोर्ड'' संबंधित खबर प्रकाशित खबर के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन जाग चुका है। सोमवार को सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह एवं औषधि निरीक्षक सुनील पंडा 5 अक्टूबर जिले के 5 हॉस्पिटल व मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। सभी मेडिकल स्टोर्स में मरीजों को दवा इसी मेडिकल स्टोर्स से लेना की बाध्यता नहीं है का बोर्ड लगवाया गया। इस दौरान मैसप्राइम हास्पिटल, गगानन हास्पिटल, श्री मंगला हास्पिटल, मेडीबॉन हास्पिटल और अर्पण शुगर क्लीनिक में मरीजों को जागरूक के लिए बोर्ड प्राप्त हुआ है। सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह ने कहा कि लगातार इस मामले को लेकर जांच की जा रही है।

हाईकोर्ट ने पूछा- 70 नालों का अरपा में रोजाना बह रहा 72 एमएलडी गंदा पानी कैसे साफ होगा 4 एसटीपी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बिलासपुर में सीवरेज प्रबंधन और अरपा नदी में हो रहे प्रदूषण को रोकने नगर निगम से विस्तृत कार्ययोजना मांगी है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने शासन को नया एफिडेविट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया है कि क्या सिर्फ 4 एसटीपी 70 नालों का पानी साफ करने पर्याप्त हैं। शासन के चीफ सेक्रेटरी विकासशील ने इस बारे में हाईकोर्ट में शपथ पत्र पेश किया। इसमें कहा गया कि फिलहाल बन रहे सभी एसटीपी पूरे होने वाले हैं। इसके बाद कितना गंदा पानी इनसे साफ होगा, इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके बाद ही बताया जा सकता है कि और



- हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अरपा को प्रदूषण मुक्त करने और उपायों की जरूरत बताई
- चीफ सेक्रेटरी ने इसकी समीक्षा करने और जानकारी देने 6 महीने का समय मांगा

एसटीपी की जरूरत है या नहीं। हाईकोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 17 नवंबर 2026 को तय की है।

अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन मामले में डिवीजन बेंच के समक्ष शासन की ओर से प्रस्तुत एफिडेविट के अनुसार बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र की आबादी करीब 6 लाख 68 हजार 540 है और प्रतिदिन लगभग 72.20 एमएलडी सीवरेज उत्पन्न होता है। इसे सीवरेज नेटवर्क और करीब 70 नालों के माध्यम से चैनलाइज किया जाता है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी जानकारी मांगी कि अतिरिक्त एसटीपी जरूरी हैं तो शासन को उनकी क्षमता, स्थान, निर्माण की समय-सीमा और अरपा नदी में पानी छोड़े जाने से पहले पूर्ण ट्रीटमेंट सुनिश्चित करने के उपायों की जानकारी भी देनी होगी।

सभी 70 नाले एसटीपी से कवर है या नहीं

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रशासन ने पूछा कि शहर के सभी नालों का सीवरेज का पानी वास्तव में एसटीपी तक पहुंच रहा है या नहीं। डिवीजन बेंच ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को नया एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया है। एफिडेविट में विशेष रूप से बताना होगा कि, नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 नाले, निर्माणाधीन दो एसटीपी समेत उपलब्ध छह एसटीपी से कवर और कनेक्टेड हैं या नहीं तथा प्रत्येक नाले से निकलने वाले सीवरेज को प्रभावी ढंग से इंटरसेप्ट, डायवर्ट और ट्रीट किया जा रहा है या नहीं।



फाइल फोटो

चार एसटीपी चल रहे दो निर्माणाधीन

शासन के मुताबिक वर्तमान में चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं, जिनकी कुल क्षमता 78 एमएलडी है, जबकि इनका वास्तविक उपयोग करीब 43.90 एमएलडी हो रहा है। एफिडेविट में बताया गया कि 16 एमएलडी क्षमता के दो और एसटीपी निर्माणाधीन हैं। इनमें से एक ट्रायल रन के चरण में है, जबकि दूसरे के 31 दिसंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है। दोनों के चालू होने के बाद शहर की कुल सीवरेज ट्रीटमेंट क्षमता 94 एमएलडी हो जाएगी, जो वर्तमान अनुमानित सीवरेज उत्पादन 72.20 एमएलडी से अधिक है।

कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा निगम

300 करोड़ के कामों पर असर, क्योंकि निगम में 49 इंजीनियरों समेत 671 पदों खाली, कई प्रोजेक्ट लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। निगम में कुल 1274 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 603 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 671 पद अब भी रिक्त हैं। इससे नगर निगम के दैनिक कामकाज और विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। विभिन्न श्रेणियों के इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पदों में से केवल 32 इंजीनियर कार्यरत हैं, जबकि 49 पद खाली हैं। ऐसे में कई प्रोजेक्ट और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट हैं। इसी कारण वह समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। करीब 300 करोड़ के कामों पर इसका असर पड़ रहा है। हाल यह है कि निगम के पास चीफ इंजीनियर भी नहीं है क्योंकि इस पद पर पदस्थ राजकुमार मिश्रा 31 सितंबर को रिटायर हो गए हैं। इसके साथ ही कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला के रिटायर होने के बाद यह पद भी खाली हो गया है।

गौरतलब है कि परिसीमन के बाद निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और इसमें 18 नगर पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद स्टाफ बढ़ाने के बजाय कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 70 वार्डों में हर वार्ड के लिए एक-एक सब इंजीनियर तक उपलब्ध नहीं है। फिलहाल सीमित इंजीनियरों को कई वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। स्टाफ की कमी के कारण कई काम ठेकेदार और साइट सुपरवाइजर के भरोसे चल रहे हैं। करीब दो साल से यह स्थिति बनी हुई है, जबकि प्रोजेक्ट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देरी के कारण लागत भी बढ़ रही है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट



नए सेटअप की मांग

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के मुताबिक, निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार से नए सेटअप और अतिरिक्त पदों की मांग की गई है, ताकि बढ़ते कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। इधर निगम में 47 सब इंजीनियर पदों में से सिर्फ 21, 22 असिस्टेंट इंजीनियर पदों में से केवल 4, और 10 कार्यपालन अभियंता पदों में से सिर्फ 6 पद भरे हुए हैं। वहीं 2 सीनियर इंजीनियर पदों में से केवल एक पद पर नियुक्ति है। इससे साफ है कि नगर निगम का तकनीकी ढांचा गंभीर स्टाफ संकट से गुजर रहा है।

कई इंजीनियरों के पास कई प्रभार

स्टाफ की कमी के कारण निगम के इंजीनियरों और अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव है। इसमें प्रभारी एसई शारदा प्रसाद साहू के पास एक साथ कई जोन और विभागों की जिम्मेदारी है। जोन 1, 2, 4 और 5 के साथ सीवरेज, वाहन, योजना, पीएम आवास और स्मार्ट सिटी का काम भी वही देख रहे हैं। तकनीकी स्टाफ की कमी का असर सिर्फ निर्माण कार्यों पर नहीं, बल्कि संपदा और लीज नवीनीकरण जैसे कामों पर भी पड़ रहा है। इसके साथ ही इंजीनियर अनुपम तिवारी के पास जल विभाग, सिटी बस सेवा, भवन शाखा के साथ दूसरे प्रभार हैं। प्रभारी एई श्रीकांत नायर के पास भी जोन 5 के अलावा अधोसंरचना, उद्यान, स्वच्छ सर्वेक्षण और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे कई काम हैं।



इन कामों पर असर

- 28 करोड़ की पेयजल योजना पर असर
- 29.51 करोड़ का कोनी में कन्वेंशन सेंटर
- 22.52 करोड़ का कोनी में सड़क-नाली
- 22.54 करोड़ का मंगला में सड़क-नाली
- 17.35 करोड़ का अशोक नगर से बिरकोना रोड चौड़ीकरण
- 10 करोड़ का वसंत विहार से रपटा चौक सड़क-नाली
- 5.20 करोड़ का गुरुनानक चौक से मोपका-राजकिशोर नगर डामरीकरण
- 12.60 करोड़ का पुराना बसस्टैंड में शटल कार पार्किंग
- 9.94 करोड़ का अटल पथ निर्माण
- 5.19 करोड़ का आजाद चौक से मंगला चौक सड़क
- 11.42 करोड़ का 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी

मांग की गई है

नगरीय प्रशासन की बैठक में इंजीनियरों की कमी को लेकर चर्चा कर मांग की गई थी। प्रोजेक्ट पर कुछ असर तो पड़ ही रहा है। कमी के बावजूद व्यवस्था बनाकर काम पूरे करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही निगम में नए इंजीनियरों की पदस्थापना होने की उम्मीद है।

- पूजा विधानी, महापौर

दोस्तों को घर बुलाकर निलंबित आरक्षक ने मां के 6 लाख के जेवर उड़ाए, गिरफ्तार

बिलासपुर। मां के बाहर जाने पर उनके निलंबित आरक्षक बेटे ने अपने दो दोस्तों को घर बुलाकर आलमारी का ताला तोड़ा और 6 लाख रुपए के जेवर की चोरी कर ली थी। पुलिस ने उक्त आरक्षक व उसके दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर चोरी गए जेवर की जब्ती कर ली है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर सागरदीप कालोनी निवासी बिन्दावती मिश्रा पति स्व. राधामोहन मिश्रा रींवा चली गई थीं। उनका आरक्षक बेटा आशीष मिश्रा अकेले घर में था। 3 अक्टूबर को वे घर लौटीं तो उनकी आलमारी से 6 लाख 15 हजार के जेवर नकद की चोरी हो गई थी। उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाई और अपने नशेड़ी आरक्षक बेटे पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने आशीष मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर आशीष ने अपने दो दोस्तों उसलापुर निवासी सूरज सिंह ठाकुर उर्फ मोना पिता स्व. दर्शन सिंह ठाकुर 27 साल, अनुराग चौधरी उर्फ लालू पिता स्व. राजेन्द्र चौधरी को घर बुलाकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चोरी गए जेवर बरामद कर लिया है। वर्तमान में आरक्षक निलंबित है।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

खरीददार सराफा व्यापारियों को थाने से छोड़ा

युवकों ने चोरी करने के बाद जेवर शहर की दो सराफा दुकानों में बेचना बताया। पुलिस दोनों सराफा व्यापारियों को पकड़कर थाने लेकर गई और उनसे चोरी के जेवर बरामद किया है। पुलिस ने दोनों व्यापारियों को थाने से छोड़ दिया है। जारी विज्ञप्ती में दोनों सराफा व्यापारियों का नाम नहीं है।

जमानत पर छोड़ा गया

आरोपियों ने जेवर सराफा व्यापारियों के पास बेच दिया था। उनसे जेवर जब्त कर दोनों खरीददारों को मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- संजय सिंदे सकरी टीआई

आय से अधिक संपत्ति का मामला

बर्खास्त आरक्षक के खिलाफ अभियोग पत्र पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपी बर्खास्त आरक्षक के खिलाफ विशेष न्यायाधीश पीसी एक्ट के न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, 1 दिसंबर 2024 को जीआरपी के बर्खास्त आरक्षक संतोष कुमार राठौर के घर व अन्य स्थानों में छापामार कार्रवाई की गई थी। विवेचना के दौरान आरोपी के आय व्यय से संबंध में संकलित जानकारी के आधार पर आरोपी की आय 46 लाख 8 हजार 341 रुपए व व्यय 62 लाख 28 हजार 137 रुपए होना पाया गया। आरोपी की आय की तुलना में व्यय अधिक होना पाया गया। 5 अक्टूबर को संग्रहित साक्ष्य से आरोपी के विरूद्ध आय से अधिक संपत्ति धारित करने का अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर कोर्ट में अभियोग पत्र पेश किया गया है।



आरक्षक

ज्ञात हो कि आरोपी बर्खास्त आरक्षक संतोष कुमार राठौर के विरूद्ध जीआरपी बिलासपुर में पदस्थ रहने के दौरान अपने अन्य आरक्षक साथियों के साथ ट्रेन में गांजा तस्करी का पता कर गांजा तस्करों को पकड़कर गांजा रख लेने व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई न करने के एवज में उनसे पैसा वसूली करने व आपस में बांट लेने का आरोप लगा था। इस पर जीआरपी थाना बिलासपुर द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 117/ 24 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर प्रकरण को अग्रिम विवेचना के लिए एसीसीयू को स्थानांतरित किया गया था।

विवेचना के दौरान एसीसीयू द्वारा आरोपी के विरूद्ध चालान क्रमांक 64 ए/ 24 विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय में पेश किया गया था। वर्तमान में आरक्षक जेल में निरूद्ध है। आपराधिक आचरण प्रदर्शित करने के लिए पुलिस अधीक्षक रेल ने आरक्षक को सेवा से पृथक कर दिया है।

सुमीत बाजार

बिलासपुर में आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹399 प्रति पीस वाले

Export Quality Cotton

केनवास

स्लिंग बैग

2 पीस ₹39

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस

2पीस बैग की कीमत मात्र ₹39

बाजार मूल्य ₹100 प्रति पीस वाले

EXPORT QUALITY

मेन्स

अंडरवियर

साईज उपलब्धतानुसार

5 पीस ₹99

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट

5 पीस अंडरवियर की कीमत मात्र ₹99

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज पेपर कटिंग लाने पर... ऑफर स्टॉक रहने तक दिया जाएगा

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

खबर संक्षेप

बेलसरी महामाया मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन शुरू

तखतपुर। शारदीय नवरात्रि महामाया मंदिर बेलसरी में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के लिए अध्यक्ष सुदर्शन दुबे, नंद मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, नर्मदा रजक से संपर्क कर रशीद प्राप्त कर सकते है।

शिक्षिका संगीता को मिला शिक्षा ज्योति सम्मान



तखतपुर। उच्चतर माध्यिमक शाला दशरंगपुर में पदस्थ शिक्षिका संगीता सिंह को शिक्षा ज्योति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा ज्योति के संस्थापक अर्चना शर्मा और महासचिव डां राघवेंद्र राठौर के द्वारा दिया गया है।

शुक्ल कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत व्याख्यान



सीपत। शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इनोवेशन चैलेंज पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल उपयोगिता एवं बचत, स्वास्थ्य समस्याओं तथा आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी चुनौतियों के समाधान को लेकर अपने नवाचार और विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एनएसएस वॉलंटियर अनुराग बंजारे ने प्लास्टिक निवारण को लेकर अपना नवाचार प्रस्तुत करते हुए प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और उसके समाधान पर विचार रखे। बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशी साहू ने जल की उपयोगिता एवं बचत को लेकर अपना नवाचार प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा और समर्थन किया। वहीं नीलम साहू ने छात्राओं की आर्थिक स्थिति से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपना इनोवेशन चैलेंज प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रघुनंदन पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, युवाओं के विचारों में समाज की समस्याओं का समाधान तलाशने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कोशिशों से युवा वर्तमान की समस्याओं के लिए नए समाधान तैयार कर सकते हैं और अपने विचार व आविष्कार सरकार तक पहुंचा सकते हैं। ऐसे प्रयासों को सेवा योजना के प्रकल्प के रूप में आगे बढ़ाना भी जरूरी है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राम प्रसाद चंद्रा, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्वेता पंड्या एवं भूपेंद्र कुमार देवांगन, दीपेश जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे व आभार प्रदर्शन भूपेंद्र कुमार देवांगन ने किया।

आदिवासी समाज ने रानी दुर्गावती के अदम्य साहस को किया याद



तखतपुर। गोंडवाना हाउस, तखतपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती मंडावी की जन्मजयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना महारानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित समाजजनों ने उनके अदम्य साहस, शौर्य, स्वाभिमान और संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुंवर सिंह मार्को ने कहा कि रानी दुर्गावती ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अदम्य साहस और सौर्य का प्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। उनकी देश के प्रति बलिदान को सदैव याद किया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज तखतपुर के पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी समाज सुरेंद्र प्रधान, पीआर ध्रुव, नितिन प्रधान, शिव सिंह मरावी, दादू सिंह नेटी, दिलेश्वर मरावी, दिलहरण ध्रुव, कुंज बिहारी मरकाम, रिंकू ध्रुव, राकेश पोर्ते, विजय कुंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुरानी रंजिश में मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

तखतपुर। पुरानी रंजिश में आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार कपसियाखुर्द निवासी मनोज साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 अक्टूबर को वह घर आ रहा था, दोपहर 3 बजे गांव का ही पप्पी पटेल ने मेरे खिलाफ पूर्व में एफआईआर कराए हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

विभागीय निष्क्रियता के चलते 25 गांवों का जलस्तर हो रहा प्रभावित

कार्यादेश के बाद भी नहीं लगा स्टापडेम में गेट, जल संरक्षण के दावे खोखले

हरिभूमि न्यूज ⏭सकरी।

जल संरक्षण के नाम पर योजनाएं स्वीकृत करने और कार्यादेश जारी करने तक तो विभाग सक्रिय रहा लेकिन जब धरातल पर कार्य पूरी कराने की बात आई तो अब विभाग के अधिकारी नए-नए बहाने बनाकर अपना पल्ला झाड़ने में जुटे हैं। ऐसे में सकरी क्षेत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग पर पानी सिर से गुजरने के बाद बांध बांधने वाली कहावत फिट बैठ रही है।

मामला सकरी क्षेत्र का है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा पूर्व में हांफा, भूनडा, खरगहना, जोकी, भाड़म, सकरी, उसलापुर, लमेर, पथर्रा, पोड़ी, भरनी में स्टॉप डेम बनाया गया था, जिसमें से अधिकतर स्टॉपडेम में पानी रोकने गेट का ही निर्माण नहीं किया गया। विधायक डॉ धर्मजीत सिंह के निर्देश पर प्रशासन की ओर से उपरोक्त 11 स्टॉपडेम में गेट निर्माण करने राशि जारी की गई एवं विभाग ने जोनल टेंडर कर 20 अप्रैल 2026 को संबंधित ठेकेदार को गेट निर्माण का कार्यादेश भी जारी कर दिया। कार्य पूरा करने का समय 2 माह वर्षा ऋतु सहित स्पष्ट अंकित किया गया, लेकिन आदेश के 7 माह बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। गेट के अभाव में स्टॉपडेम में पानी नहीं रुक पा रहा है और बारिश का बहुमूल्य पानी बहकर निकल रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि विभाग किस बात का इंतजार कर रहा है। क्या जिम्मेदार अधिकारियों को जल संरक्षण की इस महत्वपूर्ण योजना की कोई चिंता नहीं है। सिर्फ कार्यादेश जारी कर विभाग ने चुप्पी क्यों साध ली।



पुराने की सुध नहीं

एक ओर जिले के प्रशासनिक मुखिया जल संरक्षण के लिए इंजेक्शन वाल सहित कई जतन कर रहे है ताकि जिले में जल संरक्षण हो सके और पानी की समस्या से निजात पाया जा सके लेकिन विभाग के अधिकारी विभाग द्वारा लाखों खर्च कर पूर्व में बनाए गए स्टॉपडेम को ही व्यवस्थित नहीं कर पा रहे इससे विभागीय निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

विभागीय असंवेदनशीलता

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 2008-09 में लाखों रूपये की लागत से गोकने नाला पर कुल 11 स्टॉप डेम ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की ओर से बनवाए गए थे, लेकिन उस समय से आज तक इन स्टॉपडेम में पानी रोकने गेट ही नहीं लगाया गया। जबकि स्टॉपडेम निर्माण का मुख्य उद्देश्य ही पानी रोककर जल संरक्षण को बढ़ावा देना होता है जब गेट ही नहीं बना तो स्टॉपडेम का आखिरकार औचित्य ही क्या था। अब जब आवेदन पर गेट निर्माण के लिए राशि जारी हो गई तो विभागीय उदासीनता के चलते इस वर्ष फिर से बारिश के पानी का संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जबकि अगर इन 11 स्टॉप डेम में सही समय पर गेट लगा दिया जाता तो इससे गोकने नाला से लगे 20 से 25 गांव में जलस्तर बढ़ा रहता।

न नाप, न निरीक्षण सीधे दावे

अधिकारियों ने समय रहते गेट निर्माण कराने में दिलचस्पी तो नहीं ली लेकिन अब विभाग और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने पर उसके बचाव में जरूर खड़े नजर आए। अधिकारियों के मुताबिक बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका और अब ठेकेदार किसी एक स्थान पर गेट का निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया है अब सीधा गेट लगाया जाएगा जबकि ग्रामीणों के मुताबिक इन 11 स्टॉपडेम में से किसी भी स्टॉपडेम का नाप जोख करने न ठेकेदार पहुंचा है न विभागीय अमला और हर स्टॉपडेम का साइज अलग है ऐसे में बिना नाप और निरीक्षण के आखिरकार किस साइज का गेट निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है यह प्रश्न है? और जब अप्रैल में ही कार्यादेश जारी हो चुका है तो तीन माह तक आखिरकार विभाग ने गेट निर्माण कार्य शुरू कराने क्यों पहल नहीं की।

बारिश से रुका काम

बारिश के कारण गेट निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया। मैंने दो दिन पूर्व ही ठेकेदार को बुलाया था और विभागीय अमले की मीटिंग ली थी। ठेकेदार एक जगह गेट का निर्माण कर रहा है वहां से अब सीधे स्टॉपडेम में गेट लगाया जाएगा।

पीएल पड़वाल, ईई ग्रामीण यांत्रिकी, बिलासपुर।

यात्री बस से गांजे की तस्करी 245 किलो बरामद

बस चालक और सहयोगी गिरफ्तार



पेंड्रा। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पेंड्रा पुलिस ने यात्री बस के जरिए गांजा तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा करते हुए 245 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में बस चालक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

पेंड्रा पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने जगुआर ट्रेवल्स की 44 सीटर टाटा स्लीपर बस ओडी 30 डी 0606 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बस से 49 पैकेटों में रखा 245 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे के साथ करीब 50 लाख रुपये कीमत की बस और 60 हजार रुपये के तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी दिलीप कुमार हिंडिया, मलकानगिरी ओडिशा का रहने वाला है और खुद को बस का मालिक और चालक होना बताया है। वहीं दूसरा आरोपी भीमसेन केवट, मरवाही क्षेत्र का निवासी है, जो कटघोरा से बस में सवार हुआ था और चालक को आगे का रास्ता दिखा रहा था। पूछताछ में सामने आया है कि गांजा मलकानगिरी से बोरई, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, पाली, कटघोरा और पसान के रास्ते पेंड्रा लाया जा रहा था। इसके बाद इसे कोरबा और आसपास के इलाकों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सप्लायरों, खरीदारों और आर्थिक लेन-देन की भी जांच कर रही है।

पितरों की स्मृति में युवकों ने रोपे बरगद एवं पीपल के पौधे



मुंगेली। पितरों की पुण्य स्मृति को चिरस्थायी बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से होल्हाबाग नवयुवा समिति, बांकी द्वारा 20 बरगद एवं पीपल के पौधों का रोपण किया गया। रोपित सभी पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया, ताकि वे संरक्षित होकर आने वाले वर्षों में विशाल वृक्ष का रूप ले सकें। इस अवसर पर समिति के संस्थापक रामपाल सिंह ने कहा कि पौधा लगाना स्वयं में एक पुण्य कार्य है, लेकिन जब बरगद और पीपल जैसे जीवनदायी वृक्ष पितरों के निमित्त लगाए जाते हैं, तो यह श्रद्धा, संस्कार और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सुंदर संगम बन जाता है।" इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह, संयोजक नागेश साहू, अध्यक्ष पवन निर्मलकर, उपाध्यक्ष मयंक कैवर्त, पिंटू पूरी, योगेंद्र गोस्वामी, पर्यावरण प्रभारी रिंकू यादव, अमित गिरी, योगेंद्र साहू, रंजीत गोस्वामी, मोनू साहू, पिंटू यादव, भूपेंद्र निर्मलकर, यशवंत साहू, युवराज सिंह, लोकेश साहू, भावेश गोस्वामी, गुड्डू निर्मलकर सहित होल्हाबाग नवयुवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

पंडालों में अनिवार्य होगे सीसीटीवी कैमरे, डीजे के लिए रात 10 बजे तक का समय

तखतपुर। थाना क्षेत्र में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्याय ने की। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर चर्चा की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गाइडलाइन और नियमों के बारे में दुर्गा पंडाल समितियों के सदस्यों को जानकारी दी और दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की। इसके साथ ही दुर्गा पूजा पंडाल सड़कों पर यातायात व्यवस्था विद्युत व्यवस्था और अन्य विषय पर चर्चा की गई। पुलिस ने जानकारी दिया कि आसमाजिक तत्वों पर



निगरानी रखने की बात कही ताकि दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व बेहतर तरीके से लोग मना सकें। उन्होंने समिति के लोगो से पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए साथ ही पंडालों को बिजली तारों सड़क से मानक दूरी और सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। डीजे को तय मानक ध्वनि के साथ एवं रात 10 बजे तक का समय निर्धारित किया गया। भीड़ भाड़ वाले पंडालों में विशेष निगरानी की बात कही गई। विसर्जन स्थल में विसर्जन दिनांक को बिजली विशेष सुरक्षा के साथ 8 बजे तक विसर्जन की बात कही गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी सतीश साहू ने त्योहारों को भाईचारे से मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की बात कही। बैठक में नगर पालिका से डीके साहू, बिजली विभाग से दिनेश कुमार शर्मा, अमित मंदानी, विवेकानंद दिवाकर, अजय देवांगन, सुनील जांगड़े, अंकित अग्रवाल, मुकेश ताम्रकार, बबलू सोनी, कमल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस ने रैली निकालकर किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



मुंगेली। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा के प्रथम मुंगेली आगमन पर सोमवार को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए स्कूटी रैली निकालकर उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से शहर में कांग्रेस के महिला संगठन की सक्रियता नजर आई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा।

स्वागत कार्यक्रम के बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने संगठन की वर्तमान गतिविधियों, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। महिला सुरक्षा, अधिकार, सामाजिक भागीदारी, रोजगार तथा स्थानीय स्तर पर महिलाओं की समस्याओं को लेकर संगठन को लगातार जनता के बीच सक्रिय रहना होगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने और कार्यकर्ताओं को अपने–अपने क्षेत्रें में निरंतर जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी कांग्रेस संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जिले में महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम मुंगेली आगमन को लेकर महिला कांग्रेस में दिखाई दिया उत्साह इस बात का संकेत रहा कि संगठन आने वाले दिनों में महिला शक्ति को जमीनी स्तर पर और सक्रिय करने की तैयारी में है। इस अवसर पर अटल श्रीवास्वत, रश्मी सिंह, घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, रोहित शुक्ला, हेमेन्द्र गोस्वामी, दीपक गुप्ता, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, लक्ष्मीकांत भास्कर, मुकेश मिरी, अरविंद वैष्णव, संजय यादव, संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, रवि कोशले, सूरज यादव, मकबूल खान, तारणी विश्वकर्मा, संजय जायसवाल, जित्तु श्रीवास्तव, श्रीनिवास, नीरज यादव, देवेन्द्र वैष्णव, असद खोखर, कृष्णा सोनी, जलेश यादव, इंद्रजीत कुर्रे, मनमोहन सिंह, अमर परिहार, जागेश्वरी वर्मा, मायारानी, उर्मिला यादव, लता रानी, मंजू शर्मा, अनिता विश्वकर्मा, ललीता सोनी, नूरी, हेमिंन मंगेश्कर, बिन्दु यादव, निधी पौराणिक, निधी ठाकुर, जाहिदा बेगम, खुशबू वैष्णव, गौरी सोनकर, सम्मती राजपूत, पिनाक डहरिया मौजूद रहे।



मुंगेली पुलिस ने 36 हजार 577 साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश में बनाया 5वां स्थान

मुंगेली। प्रदेश के 34 जिलों में मुंगेली ने हासिल किया 5 वां स्थान। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के कुशल नेतृत्व व जिले की पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप मुंगेली जिले ने पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। छत्तीसगढ़ के सभी 34 जिलों में चलाए गए इस महाअभियान में जिला मुंगेली ने जागरूकता कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं जन–सहभागिता के आधार पर पूरे प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया है।

मुंगेली पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा को केवल किसी एक वर्ग तक सीमित न रखकर बच्चों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराध घटित होने के बाद की कार्रवाई के साथ–साथ, अपराध होने से पूर्व ही नागरिकों को सतर्क और सुरक्षित बनाना रहा। पुलिस टीमों ने प्रत्यक्ष संवाद, जनचौपाल, शैक्षणिक संस्थानों, बैंकिंग व वित्तीय संस्थानों, ग्राम पंचायतों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन को आवश्यक डिजिटल सावधानियों से अवगत कराया। स्कूल एवं कॉलेजों में 20 कार्यक्रम आयोजित कर 1 हजार 420 विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अनजान लिंक, संदिग्ध एप, कमजोर पासवर्ड, ओटीपी व पासवर्ड की गोपनीयता तथा सुरक्षित सोशल मीडिया उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में 06 कार्यक्रमों के माध्यम से 2 हजार 138 लोगों को फर्जी बैंक अधिकारी, क्यूआर कोड स्कैनिंग, ओटीपी तथा वित्तीय जानकारी साझा करने के खतरों से आगाह किया गया। इस दौरान 91 कार्यक्रमों में 23 हजार 27 नागरिकों को फर्जी पुलिस, अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी, वीडियो कॉल व फर्जी अरेस्ट वारंट/नोटिस से सावधान रहने की जानकारी दी गई। स्मार्टफोन प्राइवेसी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, साइबर बुलिंग/उत्पीड़न तथा निजी तस्वीरों व व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग से बचाव हेतु 6 हजार 985 कार्यक्रम आयोजित कर 3 लाख 24 हजार 240 लोगों को जागरूक किया गया। युवा वर्ग को फर्जी वर्क–फ्रॉम–होम, फर्जी भर्ती विज्ञापनों एवं फिशिंग लिंक से होने वाली ठगी से बचाने हेतु 4 हजार 612 कार्यक्रमों के जरिए 2 लाख 36 हजार 455 लोगों को जागरूक किया गया।



साइबर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



सम्मान

डॉ. कुमुदिनी पटेल को राष्ट्रीय 'वैद्य अनघा गोगटे युवा वैद्य पुरस्कार'

बिलासपुर। शासकीय आयुर्वेद औषधालय सिंघरी में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमुदिनी पटेल को राष्ट्रीय 'वैद्य अनघा गोगटे युवा वैद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वैद्य गोगटे मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा पुणे में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार 'मानस रोग 3.0' में



उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में डॉ. पटेल को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। डॉ. पटेल का चयन आयुर्वेद चिकित्सा में निरंतर सेवा, विद्धकर्म एवं अग्निकर्म के माध्यम से दर्द प्रबंधन, ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के आयोजन तथा शोध एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में योगदान के आधार पर किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए वे देशभर से चयनित एकमात्र महिला आयुर्वेद चिकित्सक रहीं। डॉ पटेल ने इस उपलब्धि को भगवान धन्वंतरि एवं गुरुजनों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान समाज के अंतिम व्यक्ति तक आयुर्वेद चिकित्सा सेवा पहुंचाने के उनके संकल्प को नई ऊर्जा देगा। उनकी उपलब्धि पर जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर वाई एस ध्रुव सहित विभागीय अधिकारियों, साथी चिकित्सकों एवं क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी।

आयोजन

पितृपक्ष के अवसर पर सर्व विप्र महिला समाज ने किया सेवा कार्य

बिलासपुर। पितृपक्ष के पावन अवसर पर सर्व विप्र महिला समाज द्वारा सेवा एवं सहयोग की भावना से हाफ वे होम रिवर व्यू कॉलोनी, कोनी में सेवा कार्य किया गया। इस दौरान संस्था में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, अनाज, बिस्किट, फल एवं चप्पल



वितरित किए गए। समाज की महिलाओं ने इस सेवा कार्य के माध्यम से मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए जरूरतमंदों के साथ समय बिताया और उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। समाज द्वारा समय-समय पर किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य सामाजिक सरोकार एवं सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर सर्व विप्र महिला समाज की पदाधिकारी श्रुति पांडेय, नीलिमा शर्मा, गायत्री तिवारी, विजय लक्ष्मी शर्मा, सविता पांडेय एवं वंदना मिश्रा सहित चाइना शुक्ला,प्रीति तिवारी,किरण बाला पांडेय सहित समाज की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

धर्म-क्षेत्र

श्रीकथा ज्ञान यज्ञ में गुरु-शिष्य परंपरा एवं भक्ति का दिया संदेश

बिलासपुर। भगवान जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी के आशीर्वाद से श्री खाटू श्याम मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर परिसर, चल रहे तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं ने कथा, भजन-कीर्तन, रासलीला एवं श्री लीलामृत के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण रसपान किया। कथा परिसर पूरे दिन भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। द्वितीय दिवस के प्रवचन में प्रवचनकार ने भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के



महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि शिष्य के जीवन को सही दिशा देकर उसे धर्म, भक्ति एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सद्गुरु की शरण में जाकर गुरु दीक्षा ग्रहण करना जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है और सद्गुरु की कृपा से मनुष्य का जीवन सफल, सार्थक एवं कल्याणमय बनता है। प्रवचन में जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा गया कि मनुष्य के अंतरमन और बहिरमन में एकाग्रता का अभाव उसके अनेक दुःखों का कारण बनता है।

कार्यक्रम

सिंधी महिलाओं ने महालक्ष्मी सगड़ा की पूजा कर किया कथा का श्रवण

बिलासपुर। गोड़पारा शनिचरी पड़ाव स्थित भाई वरियाराम गुरुद्वारे में सामूहिक रूप से महिलाओं एवं परिवार के सदस्यों ने मिलकर महालक्ष्मी सगड़ा की पूजा कर कथा का श्रवण किया। पर्व के 16 वें दिन गणेश पूजा के दौरान सिंधी बड़े माह के सहाई अष्टमी के दिन



हल्दी में भीगा 16 कच्चे धागों को 16 गांठ लगाकर सगड़ा तैयार कर इसे घर के प्रत्येक सदस्य की कलाई पर बांधा गया। पर्व के दिन पूरे श्रद्धा के साथ सभी ने इसे कलाई से निकाला। घर की महिलाओं ने परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए आटे का एक-एक दीपक जलाकर एवं सभी सगड़ा को घर पर तैयार सतपुड़ा, सोरी, मीठी रोटी, आदि व्यंजनों में लपेटकर इसे थाली में सजाया। फिर गुरुद्वारा पहुंचकर टोलियों में पूजा-अर्चना कर महालक्ष्मी की कथा का श्रवण किया। शाम से देर रात तक अलग-अलग टोलियो में शामिल महिलाओं एवं परिवार के सदस्यों को गुरुद्वारा प्रमुख कोमल वाधवानी एवं भाई अमरलाल वाधवानी ने कथा सुनाकर विधिवत पूजा-अर्चना कराई।





विष्णु अवतार, छत्तीसगढ़ महतारी व रोमन पैटर्न में सजेगा मां का दरबार

शारदीय नवरात्र को लेकर शहर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। दुर्गा समितियों द्वारा इस वर्ष श्रद्धालुओं को मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के अलौकिक दर्शन कराने की तैयारी की जा रही है। शहर के मूर्तिकारों ने भी आकर्षक और कलात्मक प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे दिया है। नवरात्र की सप्तमी तिथि से विभिन्न समितियों के पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इस बार धार्मिक आस्था के साथ प्रतिमाओं में अलग-अलग थीम और कलात्मक शैली का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

शहर की दुर्गा समितियों ने प्रतिमाओं को दिया अंतिम रूप, सप्तमी से पंडालों में होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मूर्तिकार सुजीत सूत्रधर ने बताया कि शहर की अलग-अलग दुर्गा समितियों के लिए इस वर्ष विशेष थीम पर प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। किलावार्ड की दुर्गा समिति के लिए विष्णु अवतार की थीम पर मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार की गई है। प्रतिमा में पारंपरिक स्वरूप के साथ कलात्मकता का विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं अशोकनगर सरकंडा की समिति के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की थीम पर मां दुर्गा का भव्य और आकर्षक स्वरूप तैयार किया गया है। इस प्रतिमा में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिलेगी।



इसी तरह सीएमडी कॉलेज की दुर्गा प्रतिमा को इस बार रोमन पैटर्न में तैयार किया गया है। प्रतिमा में विशेष कलात्मक कार्य करते हुए मां दुर्गा को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। प्रतिमाओं के साथ पंडालों को भी संबंधित थीम के अनुरूप सजाने की तैयारी की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को मां के दर्शन के साथ अलग-अलग कलात्मक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

नवरात्र के करीब आते ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर उत्साह बढ़ने लगा है। समितियों द्वारा पंडाल निर्माण, विद्युत सज्जा और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सप्तमी से शहर में जगह-जगह मां दुर्गा के जयकारे गूंजेंगे और पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

खान-पान, रहन-सहन से बीपी-डायबिटीज में हो सकता है कंट्रोल

एसोसिएशन ऑफ़ फिजिशियन इंडिया के अध्यक्ष प्रो डॉ. शेखर चक्रवर्ती ने कहा-

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एवं एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया चैप्टर का अकादमिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिम्स के अधिष्ठाता एवं मुख्य अतिथि प्रो डॉ रमणेश मूर्ति तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के वक्ता एवं निर्वाचित अध्यक्ष प्रो डॉ शेखर चक्रवर्ती ने मोटापा, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के बीच के संबंध को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया इसका कारण है हमारा खान-पान रहन-सहन जिससे प्राइमरी लेवल से उसको कंट्रोल करना उपचार करना है जिससे अन्य बड़ी बीमारियां न हो उन्होंने इन



बीमारियों के समग्र प्रबंधन के साथ-साथ जीवनशैली में आवश्यक सुधार पर विशेष जोर दिया।

वहीं प्रो डॉ रमणेश मूर्ति ने एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कसंगत एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर व्याख्यान देते हुए बढ़ते एंटीबायोटिक प्रतिरोध को भविष्य की बड़ी चुनौती बताया। प्रो डॉ. प्रभात पांडेय ने उच्च रक्तचाप के समय पर निदान, नियमित निगरानी एवं प्रभावी नियंत्रण को गंभीर जटिलताओं से बचाव के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में सर्पदंश के नवीनतम प्रबंधन, आपातकालीन चिकित्सा एवं आईसीसीयू में गंभीर मरीजों के उपचार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 18 से अधिक विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए मेडिकल क्विज, पोस्टर प्रस्तुति सहित अकादमिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन चिकित्सकों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान से जोड़ने तथा विशेषज्ञों के अनुभवों के आदान-प्रदान का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार ठाकुर, डॉ. आशुतोष कोरी, डॉ विवेकानंद मिश्रा, डॉ नाजिया अंसारी, डॉ नवनीत कुमार अग्रहरी, डॉ घनश्याम सिंह कंवर, डॉ अखिलेश चंद्राकर, डॉ किसलय देवांगन, डॉ सुयश सिंह, डॉ चंद्रा किरण, डॉ शिवानी बडगैयां, डॉ प्रज्ञा पटेल, डॉ प्रतीक अग्रवाल सहित सिम्स व प्रदेश के चिकित्सक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहें।



फैंसी ड्रेस में सजे महिलाओं के विविध किरदार, दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में 18 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं एवं विवाहित महिलाओं के लिए 'नारी तेरे रूप अनेक' प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने दो मिनट की प्रस्तुतियों में नारी शक्ति के विभिन्न रूपों को जीवंत किया। किसी ने रानी लक्ष्मीबाई तो किसी ने अहिल्याबाई होलकर का रूप धारण किया। वहीं प्रकृति, निमकोटी बाबा, पर्यावरण और छठ मैया के रूप भी आकर्षण का केंद्र रहे। आधुनिकता के साथ जिम्मेदारियों का संतुलन साधती मां की प्रस्तुति ने भी खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में महिलाओं ने अभिनय और संदेश के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती पर 15 दिनों का जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शाम जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में नारी के नाम रही। महिलाओं को सम्मान देने रनारी तेरे रूप अनेक प्रतियोगिता हुई। महिलाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को



मंच देने के उद्देश्य से आयोजित 'नारी तेरे रूप अनेक' फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता में महिलाओं ने अ ल ग - अ ल ग किरदारों और रूपों को धारण कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा से लेकर सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश देने वाले किरदारों तक महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम की आयोजिकाए विद्या केडिया, सीता सोनथलिया, श्वेता खेड़िया, पिंकी बेरीवाल, अनिता गणेश अग्रवाल, बृजलता अग्रवाल, अंजू गुप्ता, कविता बुधिया, मधु पवन अग्रवाल रही।

माइंड सेट होगा, तभी जीवन सेट होगा : बीके स्वाति

बिलासपुर। पुलिस विभाग, बिलासपुर रेंज द्वारा तृतीय रेंज स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन बिलासपुर स्थित चेतना हाल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत "तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर डेढ़ घंटे की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी ने किया। रेंज के विभिन्न जिलों से लगभग 150



पुलिस अधिकारी एवं जवान इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। आईजी भ्राता रामगोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भ्राता रजनेश सिंह जी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आदरणीय मधुलिका सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में बीके स्वाति दीदी ने तनाव को केवल बाहरी परिस्थितियों का परिणाम न मानते हुए मन की स्थिति से जोड़कर समझाया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक जीवन में व्यक्ति के पास हर प्रकार की सुविधाएं हैं,सोफा सेट है, डाइनिंग सेट है, ज्वेलरी सेट है, हर चीज सेट है, लेकिन कई बार माइंड अपसेट है। इसलिए आवश्यकता केवल घर और जीवन की चीजों को व्यवस्थित करने की नहीं, बल्कि अपने मन को भी "सेट" करने की है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को समझाया कि पुलिस सेवा में निरंतर चुनौतियां, जिम्मेदारियां, आकस्मिक परिस्थितियां, कानून-व्यवस्था का दबाव तथा लोगों की समस्याओं से सामना होता है। ऐसे में तनाव को भीतर जमा करते रहने के बजाय उसे सकारात्मक ढंग से संभालना आवश्यक है।

स्पोर्टस न्यूज

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कल से

उप मुख्यमंत्री साव करेंगे शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री अरुण साव 7 अक्टूबर को 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह सुबह साढ़े 10 बजे स्व. बी.आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में संपन्न होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 7 से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूली खिलाड़ी तीरंदाजी, हॉकी और कबड्डी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महापौर पूजा विधानी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दीपक



सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत तीरंदाजी में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका, हॉकी में 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका तथा कबड्डी में 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक हिस्सा लेंगे।

राज्य स्तरीय कराते में आदि, आराध्या, सौम्या का चयन

जिला खेल परिसर सरकंडा में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कराते खेल का आयोजन किया गया, 26 वी राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कराते के लिए बालक 17 वर्ष 85 किग्रा केटेगरी में आदि पांडेय, सेजस स्कूल लिंगियाडीह से 14 वर्ष 42 किग्रा बालिका में आराध्या साहू एवं 14 वर्ष के 48 किग्रा केटेगरी में सौम्या साहू का चयन किया गया है। खेल प्रशिक्षकों ने





बताया कि चयनित खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते है, इसी का परिणाम है की इनका चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा में किया गया है। इन खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में स्पोर्ट्स टीचर धनीराम यादव, राजेश सारथी, रिया साहू, सपना श्रीवास, वितेक नेताम का अहम योगदान रहा। उक्त आयोजन में अमित मिश्रा, लीना शर्मा, पिंकू शर्मा एवं जज रेफरी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। आगामी राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को दुर्ग में आयोजित की जाएगी।

राज्य सॉफ्ट टेनिस में वरदान का चयन

जूनियर नेशनल लॉन टेनिस प्रतियोगिता एवं हाल ही में रायपुर में आयोजित जूनियर टेनिस प्रीमियर लीग के विजेता वरदान गोवर्धन का उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रतिभा के आधार पर राज्य सॉफ्ट टेनिस टीम में चयन हुआ है। वरदान गोवर्धन एकल टेनिस के खिलाड़ी हैं और वे बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। ओपन नेशनल सॉफ्ट टेनिस सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक दिल्ली में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की टीमें शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस टीम 3 अक्टूबर को दिल्ली के लिए रवाना हुई। बिलासपुर के लिए यह गौरव का विषय है कि वरदान गोवर्धन राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



खबर संक्षेप



आंधी से ट्रांसफार्मर गिरा कई गांवों में ब्लैकआउट

लोरमी। क्षेत्र में अचानक मौसम बिगड़ने एवं तेज आंधी से ग्राम खुड़िया के घुंटादफाई बाजारपारा मोहल्ले का ट्रांसफार्मर पोल से नीचे गिर गया। नवरंगपुर फीडर कुटेलाटोला में तार टूट गए, अखरार फीडर एवं अन्य ग्रामो के विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है। गौरतलब है कि आंधी तूफान के बाद बारिश भी हुई जिससे बिजली विभाग को बिगड़े व्यवस्था को सुचारू करने में मशक्कत करनी पड़ी।

डीपीएल-3 का पंजीयन पूर्ण खिलाड़ियों का ऑक्शन 10 को

पेंड्रा। शिक्षक मैत्री समूह जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की ओर से आयोजित बहुप्रतीक्षित क्रिकेट प्रतियोगिता डिपार्टमेंट प्रीमियर लीग सीजन-3 का आगाज 21 नवंबर से होगा। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों के पंजीयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 10 अक्टूबर को ऑक्शन की प्रकिया होगी, जिसके माध्यम से पंजीकृत खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों में शामिल किया जाएगा। ऑक्शन को लेकर खिलाड़ियों और टीम ऑनर्स में खासा उत्साह है।ऑक्शन से पहले सभी टीम ऑनर्स ने बेहतर खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इस बार बस्ती बगरा ब्लास्टर के टीकादास मरावी, मैकल माउंटन के कीर्ति खुसरो, वीबीजी रामजी पतगवा के प्रवीण कौशिक, बिहान राइजर के अभिषेक जायसवाल, अरपा अवेंजर्स के विकास राठौर, गुरुकुल वारियर्स के उमेश दुबे, सोन सनराइजर सिवनी के प्रकाश सेन और नवागांव फाइटर के राजेंद्र वासुदेव टीम ऑनर हैं।

जेएमपी कॉलेज के नए भवन के लिए मिली स्वीकृति

तखतपुर। तखतपुर स्थित शासकीय जेएमपी महाविद्यालय के नए भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 54 हजार रुपये की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक धर्मजीत सिंह के अथक प्रयास से यह स्वीकृति विभाग से मिली है। श्री सिंह ने कहा की शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अंधकार को दूर करता है और समाज को आगे बढ़ाता है। हमारा सपना था कि हमारे क्षेत्र का कोई भी बेटा या बेटी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इस नए भवन के बन जाने से हमारे विद्यार्थियों को आधुनिक कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और खेलकूद के लिए एक बेहतरीन वातावरण मिलेगा।

निधन

विश्राम साहू

बिलासपुर। तखतपुर के ग्राम



नगोई निवासी विश्राम साहू का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नगोई में 5 अक्टूबर को सोमवार किया गया। वे भोजेश्वर साहू और रामानंद साहू के पिता थे।

कालिन्द्री यादव

बिलासपुर। ग्राम बिरकोना



निवासी कालिन्द्री यादव का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे ग्राम रमतला में किया जाएगा। वे स्व. मनहरण यादव की पत्नी व प्रदीप यादव की मां थीं।

विश्राम साहू

तखतपुर। ग्राम नगोई निवासी



विश्राम साहू का निधन 4 अक्टूबर की रात्रि 10:00 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नगोई में 5 अक्टूबर को किया गया। वे भोजेश्वर साहू एवं शिक्षक रामानंद साहू के पिता थे।

संवेदनशील वनांचल में मवेशी तस्कर सक्रिय, सुरक्षा चौकी एवं पक्की सड़क की मांग

खुड़िया से औरापानी–बंजारी मार्ग खस्ताहाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र स्थित खुड़िया से बीहड़ वनांचल औरापानी होते हुए बंजारी वन विभाग जांच नाका तक का इलाका लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है। जो अब बेहद खस्ताहाल है, नाले बड़े गड्ढो का रूप लेकर आवागमन में बाधक हो गए है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से मवेशी तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों की आशंका बनी रहती है।

■ चौकीदारों के भरोसे बार्डर की सुरक्षा

यहां कुछ चौकीदारों के भरोसे बार्डर की सिर्फ वनविभाग करता है। यह मार्ग बारिश के बाद बेहद जर्जर है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग की निगरानी मुख्यत लकड़ी तस्करी और वन्यजीव शिकार तक सीमित रहती है, तथा कई स्थानों पर व्यवस्था चौकीदारों के भरोसे संचालित होती है। ऐसे में दुर्गम जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं। हालांकि संबंधित मामलों की पुष्टि जांच के बाद ही संभव है। क्षेत्र की सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। लोरमी विकासखंड एवं मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ मुंगेली जिला की अंतिम पुलिस चौकी खुड़िया में स्थित है, जबकि छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित बंजारी नाका लगभग 35 किलोमीटर दूर है। बीच का मार्ग घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरता है। किसी भी आपात स्थिति या घटना के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अमले को मौके तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

करेंगे बजट की मांग

मामला संज्ञान में आया है। आवश्यक मरम्मत के लिए बजट की मांग कर मार्ग को दुरुस्त कराया जाएगा।

–दिनेश पटेल,
डीएफओ, एटीआर।

ग्रामीणों की मांग

सुरक्षा चौकी और पक्की सड़क आसपास के ग्रामों के लोगों ने वर्षों से औरापानी से बंजारी नाका तक पक्की सड़क निर्माण तथा स्थायी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाते रहे है। यह मार्ग विकसित होने पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी बल्कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच आवागमन भी सुगम बनेगा। प्रस्तावित सड़क मार्ग मध्यप्रदेश के गोपालपुर क्षेत्र से जुड़ते हुए अमरकंटक तक पहुंच का बेहतर विकल्प बन सकता है। इससे श्रद्धालुओं को नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय संपर्क भी मजबूत होगा।

पर्यटन को मिल सकता है नया आयाम

विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क बनने से पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) के औरापानी के मैकल श्रृंखला प्राकृतिक सौंदर्य, खुड़िया बांध तथा वनांचल की मनोरम वादियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच सकते हैं। इससे स्थानीय रोजगार और व्यवसायु के अवसर भी बढ़ेंगे।

फिलहाल बंद है मार्ग

जानकारी के अनुसार वर्तमान में एटीआर प्रशासन द्वारा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय विकास के बीच संतुलन बनाते हुए इस मार्ग के भविष्य को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है। गौरतलब है,की औरापानी से बंजारी बेरियर मध्यप्रदेश बार्डर तक सड़क बेहद खराब है, जिसमें सड़क पर बहुत सारे वृक्ष गिरे पड़े है। छोटे-छोटे नाले गड्ढे का रूप ले लिए है। पहाड़ से लेंड स्लर्डिंग की वजह से पैदल या बाईक वाले बड़ी मुश्किल से आवागमन करते है, जो फिलहाल मरम्मत एवं सुरक्षा के दृष्टि से आवश्यक है।



22 जिलों के शतरंज पदाधिकारी जुटे, खेल विस्तार पर चर्चा

लोरमी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय विशिष्ट जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन 4 अक्टूबर को जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में किया गया। जिसमें पुरे छत्तीसगढ़ से कुल 22 जिलों के पदाधिकारियों ने इस मीटिंग में हिस्सा लिया।

बैठक में मंच पर अध्यक्षता प्रदीप दास, कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ, किरण अग्रवाल, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ विनोद राठी, महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ, हेमंत खूंटे सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ, विकास शर्मा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुंगेली जिला शतरंज संघ की ओर से पदाधिकारियों में विजय वर्मा, चेयरमेन, सुबोध कुमार सिंह, अध्यक्ष आशीष मिश्रा, ओमप्रकाश वन्दे सचिव ने इस मीटिंग में उपस्थित रहें। मीटिंग में शतरंज खेल को अधिक गति प्रदान करने एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास पर बातें की गई। जिनमें मुख्य रूप से विगत 03 वर्षो का वार्षिक रिपोर्ट 2023 -24 से 2025-26 तक, 03 वर्षो का ऑडिट रिपोर्ट, 2026-27 का बजट, 2027-28 वार्षिक स्पोर्ट्स कैलेन्डर तैयार करना, सभी जिलों को फर्म एवं सोसायटी से पंजीयन करवाना एवं आगामी समय में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स गवर्नेन्स के नियमों के अनुसार राज्य बॉडी की स्थापना जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं की गयी। इस मीटिंग में मुंगेली जिले को जिले स्तर पर बेहतर शतरंज स्पर्धाओं का आयोजन करने एवं राज्य स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बेस्ट डिसीप्लिन को देखते हुए सम्मानित किया गया। इस मीटिंग के बाद मुंगेली जिले को राज्य की ओर से विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएगी जिससे की शतरंज खेल को जिले में ओर एक नया आयाम मिलेगा।



गीता केवल ग्रंथ नहीं, श्रेष्ठ जीवन जीने की कला है : शशिप्रभा

मस्तूरी। प्रभु अनुराग भवन, भाठापारा, कोटमी सुनार में 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भगवद्गीता का सार, सुखद जीवन का आधार" सात दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस पर गीता सार प्रवक्ता एवं राजयोग शिक्षिका बीके शशिप्रभा दीदी, श्रीमद्भगवद्गीता के आध्यात्मिक रहस्यों को सरल एवं सहज रूप में समझाते हुए सुखद जीवन जीने की कला पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि श्रेष्ठ कर्म करने, आत्म-जागरूक बनने और जीवन में शांति एवं संतुलन प्राप्त करने की प्रेरणा देने वाला आध्यात्मिक ज्ञान है। गीता के संदेश को जीवन में व्यावहारिक रूप से अपनाकर मनुष्य अपने विचारों, कर्मों और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्रथम दिवस के अवसर पर कर्म, अकर्म एवं विकर्म का बोध तथा कर्मयोग की महत्ता को समझाया गया। सात दिवसीय कार्यक्रम के आगामी दिनों में विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर क्रमश मार्गदर्शन दिया जाएगा। इनमें आध्यात्मिक रहस्यों का प्रैक्टिकल ज्ञान एवं ज्ञानयोग, कर्म-अकर्म-विकर्म का बोध एवं कर्मयोग, परमात्मा का बोध एवं दिव्य अवतरण, विभूति योग, सृष्टि का अनादि सत्य एवं कल्पवृक्ष कथा, राजयोग एवं भक्ति योग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

बाघिन झुमरी की डॉक्यूमेंट्री दिखाकर किया जागरूक



लोरमी। अचानकमार टाईगर रिजर्व में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आवास-वन्जीवन का विकास थीम पर वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के चौथे दिन 05 अक्टूबर को अचानकमार टाईगर रिजर्व के केंवची बफर परिक्षेत्र के ग्राम-आमाडोब में विस्तृत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक के द्वारा केंवची बफर परिक्षेत्र वन्यप्राणी बाघ की कॉरीडोर के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। उप संचालक एटीआर द्वारा उपस्थित जन समुदाय को वनों एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं उसके हमारे जीवन में महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। मंसूर खान हाथी विषेषज्ञ द्वारा सुरक्षा के उपयों एवं सावधानियां में बारे में बताया गया तथा उपेन्द्र दुबे द्वारा सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बांधवगढ़ से अचानकमार टाईगर रिजर्व आए बाघिन झुमरी की कहानी फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान आमाडोब के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जुड़े आवास-वन्यजीवन का विकास थीम पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य वन संरक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। अचानकमार टाईगर रिजर्व के केंवची बफर परिक्षेत्र बाघ कॉरीडोर में होने से वन्यप्राणी बाघ की उपस्थिति नियमित रूप से बना रहता है। ग्राम-आमोडाब में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम से वन्यप्राणियों की सुरक्षा, संवंधन एवं बाघों की कुनबा बढ़ाने में स्थानीय जन समुदाय का विषेष सहयोग प्राप्त होगा। आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रिंयका पाण्डेय भा व से मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक, अचानकमार टाईगर रिजर्व कोनी, दिनेष कुमार पटेल भा.व.से. उप संचालक, अचानकमार टाईगर रिजर्व लोरमी, उपेन्द्र दुबे सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर बूथ, अनुराग शुक्ला स्थानीय वन्यप्राणी एक्सपर्ट, सुरंजना आयाम सरपंच ग्राम-पंचायत आमाडोब, सहायक संचालक कोर एवं बफर, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी कोर एवं बफर, मैदानी कर्मचारी एवं मरवाही वनमण्डल के अधिकारी/कर्मचारी एवं ग्राम आमाडोब, पटपरी, केंवची, बानघाट, रंजकी, छोटकीरवार के स्थानीय ग्रामीण एवं स्व सहायता समूह केंवची के सदस्य एवं आमाडोब स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

सामाजिक सहभागिता से ही समाज का विकासः कौशिक



दगोरी। समाज के विकास में सभी का सहयोग होता है। पुरुखों की विरासत को संजो कर रखना जरूरी है। सामाजिक सहभागिता से ही समाज आगे बढ़ता है। उक्त बाते सामाजिक धर्मशाला चकरभाठा कैंप में आयोजित छत्तीसगढ़ सन्नाडया क्षत्रिय कुर्मी समाज कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित समाज के संरक्षक विजय कौशिक ने कही।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक ने कहा कि आज हमारा समाज सभी क्षेत्रों में चहुमुखी विकास कर रहा है। कृषि, व्यवसायिक, सरकारी नौकरी सभी क्षेत्रों में हमारे समाज के लोग निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आभार महामंत्री मनहरण लाल कौशिक ने किया। इस अवसर पर समाज में आए हुए प्रकरणों का निराकरण सभी के सहयोग विचार विमर्श से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणवीमान्यजनों पदाधिकारियों में बलदाऊ कौशिक, बैसाखू कौशिक, केशव कौशिक, रूपेंद्र वर्मा, दशरथ सन्नाट, बनवारी लाल सन्नाडया, भुवनेश्वर कौशिक, उमेंद्र कौशिक, राजेश कौशिक, रवि कौशिक, लक्ष्मी कौशिक, नरेंद्र सन्नाट, श्रवण कौशिक, गोपाल कौशिक, श्रीकांत वर्मा, रामू कौशिक, शिवकुमार कौशिक, बलदाऊ कौशिक, तुलसी कौशिक, राजेंद्र कौशिक, कपिल कौशिक, बेदराम कौशिक, मोहन लाल कौशिक, अच्छे कौशिक, राजकुमार, प्रहलाद कौशिक, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही स्वजातीय गणमान्यजन पुरुष, महिलाएं उपस्थित रही।

भाजपा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

मुंगेली। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन के सीधे प्रसारण की तैयारी को लेकर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रमुख आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा।



बैठक में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश पाठक एवं गिरीश शुक्ला, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम तैयारी की जानकारी साझा की। बैठक में सेवा ज्योति यात्र एवं प्रधानमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले के सभी 11 मंडल अध्यक्षों सहित भाजपा युवा मोर्चा एवं अन्य मोर्चो के पदाधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक सहभागिता एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर चित्ररेखा जांगड़े, देवचरण भास्कर, सुनील पाठक, हरिशंकर वर्मा, मोहन भोजवानी, पवन पाण्डेय, सोम वैष्णव, मिट्ठूलाल यादव, कोटुमल दादवानी, शैलेन्द्र तिवारी, पायल विश्वकर्मा, पोषण यादव, संजय राजपूत, मन्नूलाल श्रीवास्तव, राजेश्वर टंडन, जीवन पटेल, यश गुप्ता, पवन मिश्रा, घनश्याम यादव सहित युवा मोर्चा के जिला महामंत्री द्वय एवं भाजपा तथा युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओपन स्कूल स्पर्धा में माही को कथक नृत्य में पुरस्कार

मुंगेली। भिलाई के एसएनजी स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित अंतर–विद्यालयीन एवं ओपन नेशनल प्रतियोगिता 'स्वरंगना 2026' का भव्य समापन हुआ। 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय ऑल इंडिया काम्पिटिशन में देशभर से आए प्रतिभावान कलाकारों ने भाग लेकर अपने कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ के भिलाई में आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में माही (अंकिता) पाठक ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना एवं परिजनों का और मुंगेली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जी.आर. डांस स्टूडियो द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंटल और ड्राइंग जैसी कलात्मक विधाओं में



क्लासिकल एवं नॉन क्लासिकल श्रेणी के तहत भव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। माही पाठक ने इस राष्ट्रीय स्तर के मंच पर अपने उत्कृष्ट कथक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया और खूब तालियां बटोरी। माही के कथक नृत्य कला की इस शानदार उपलब्धि पर उनके पापा सतीश पाठक राजू,मम्मी स्वीटी पाठक सहित पूरे पाठक परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। परिजनों बड़े पापा सुनील पाठक एवं बड़ी मम्मी रजनी पाठक ने बताया कि माही की शुरू से ही नृत्य व चित्रकला आदि कलात्मक विधाओं में विशेष रुचि रही है और उसकी इस मेहनत व सफलता पर पूरा पाठक परिवार गौरवान्वित है। भिलाई के मंच पर आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा माही को स्मृति चिन्ह (ट्राफी) एवं प्रथम स्थान का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 05/10/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 798/29 रकबा 965 वर्गफिट भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक दयाशंकर शर्मा पिता स्व. लवकुमार शर्मा निवासी पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 21/10/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 5/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, मुंगेली,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार //
राजस्व प्रकरण क्रमांक../2025-26
ग्राम-मुंगेली-2, प.ह.नं. 19

एतद द्वारा ग्राम-मुंगेली-2 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शरद दत्त भट्ट पिता/पति स्व.कृष्ण दत्त भट्ट वगै.जाति ब्राम्हण निवासी निवासी जरहाभाठा बिलासपुर तहसील जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं.19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 373/1 रकबा 6.094 हे. को फौती/नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22/10/2026 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड,
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र...../ब-121
ग्राम मडना

एतद द्वारा, सर्व साधारण ग्राम मडना को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका प्रसाद सोनी पिता रामशरण सोनी, अन्य+05, जाति सोनी, निवासी ग्राम-सोनी, तहसील- पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम मडना, प.ह.नं.- 18, रा.नि.मं. सारबहरा, में स्थित भूमि खसरा नंबर 41/1, 41/5, 41/7, 41/9, 41/11, 41/13 भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण द्वारा अपने उपरोक्त खसरा नंबर में से भूमि आम रास्ता के रूप में उपयोग करना चाहते है। जिस हेतु भूमि निम्नानुसार शासन मद में आम रास्ता के रूप में त्यजित किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई की जा रही हैं। आवेदित भूमि के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में स्वयं / अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 07/10/26 तक अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
पेण्ड्रारोड

नाम परिवर्तन
नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं सुधीर कुमार राय (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र ओजस राय गांव/शहर मरवाही, तहसील मरवाही जिला-जी.पी.एम. छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र का नाम ओजल राय (पुराना नाम) से बदल कर **ओजस राय** (नया नाम) रख लिया है।

सुधीर कुमार राय

नाम परिवर्तन
नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं सुधीर कुमार राय (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र अयांश राय गांव/शहर मरवाही, तहसील मरवाही जिला-जी.पी.एम. छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र का नाम शौर्य राय (पुराना नाम) से बदल कर **अयांश राय** (नया नाम) रख लिया है।

सुधीर कुमार राय

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/क/अति.तह./ वाचक / 2026
बिलासपुर, दिनांक 5/6/2026
रा.प्र.क्रं./अ-6/2025-26
ग्राम-मदनपुर, प.ह.नं.-12

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मदनपुर, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. कोनी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा मदनपुर, प.ह.नं. 12, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1990/1 में से एवं (1993/2, 1994) में से रकबा 2400 वर्गफुट भूमि पर आवेदक श्री तपन कुमार सरकार पिता स्व.एन.जी. सरकार निवासी जी.एम. काम्पलेक्स पो.आ. चिरमिरी तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय करने के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति/ दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 21/10/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 5/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
कमांक/क/ना.तह./वा./20...
बिलासपुर, दिनांक 01.10.26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम खमतराई प.ह.न. 25 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विशेष विश्वकर्मा पिता/पति स्व. तरुण विश्वकर्मा निवासी ग्राम खमतराई तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं. 25 मौजा खमतराई स्थित भूमि ख.नं 576/68 रकबा 1200 वर्गफुट एकड़/हे. को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत फौती नामांतरण के आधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 19/10/26 समय 11 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

सर्व आदिवासी समाज का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन



बिलासपुर। सर्व आदिवासी समाज (युवा प्रभाग) छत्तीसगढ़ का युवा सम्मेलन रायपुर में 4 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस महाबैठक में पदाधिकारियों ने एक मंच पर संगठनात्मक मजबूती के लिए भविष्य की विभिन्न महती कार्य योजना पर विचार व्यक्त किए। संविधान प्रस्तावना वाचन उपरांत सर्वसममती से प्रस्ताव पारित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमे प्रदेश में यूसीसी क्रानून पर प्रतिबंध, परिसिमन क्रियान्वयन होने से पूर्व प्रदेश के जिला, ब्लॉक एवं ग्रामो निवासरत सम्पूर्ण आदिवासी परिवार की समाजिक जनगणना कर डाटा तैयार करना, प्रमोशन में आरक्षण, स्थानीय आरक्षण, सीधी भर्ती बैकलाक पद पर शासन से कार्रवाई नए पदाधिकारियों की नियुक्त , संगठनात्मक निर्णय पारदर्शिता, संगठन के विस्तार, पदाधिकारियों को आर्थिक एवं राजनीतिक मजबूती, सामजिक अन्याय, शोषण अन्याय, अत्याचार, ज्वलंत मुद्दों पर शासन प्रशासन के खिलाफ आंदोलन इत्यादि कार्य योजना के महत्वपूर्ण विषय शामिल रहें। जिन पर प्रस्ताव पारित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमे सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित नरेटी के संचालन में प्रांताध्यक्ष सुभाष सिंह परते के मार्गदर्शन, अश्विन कांगे के कुशल नेतृत्व, प्रदेश संगठन प्रभारी सचिव आयुष सिंह राज की उपस्थिति में महासम्मेलन संपन्न हुआ। प्रदेश सचिव आयुष सिंह राज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया



बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय परिसर एवं अध्ययन कक्षों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ- साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी सभी ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजकुमार सचदेव ने छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान और स्वच्छता ही सेवा संबंधित जानकारी दी एवं स्वच्छता सेवा संकल्प शपथ दिलाई । कार्यक्रम में प्रो. एल. के. गवेल ने बताया की हम अपने घर से सफाई अभियान चलाते हुए हमारे गांव एवं आसपास के सभी जगह साफ सफाई करेंगे तो हमारा देश स्वच्छ भारत की दिशा में आगे बढ़ेगा । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर बीके त्रिपाठी, प्रो.प्रकाश त्रिपाठी,डॉ.संजय धनवानी, डॉ. रामेश्वरी बंजारा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ने विशेष बच्चों को बांटे टिफिन और पानी बॉटल



बिलासपुर। सेवा सप्ताह 2026 के अंतर्गत लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा सुवाणी स्पेशल स्कूल टिकरापारा रोड में विशेष बच्चों के लिए टिफिन एवं पानी बॉटल का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा सप्ताह अध्यक्ष श्रीकांत सहारे ने की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, सचिव मनीष चंदेल, कोषाध्यक्ष रौनक अग्रवाल सहित क्लब सदस्यों ने विद्यार्थियों को टिफिन एवं पानी बॉटल वितरित किए। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन शैलेश वाजपेयी, असितपाल सिंह जुनेजा, देवेंद्र टुटेजा, मोहन होनप, भूपेंद्र गांधी, राम सिंह स्वर्णकार, संजय गुप्ता, इतिफ़ाक़ सागरी, डॉ. अरुण शुक्ला, राकेश सख्रुजा एवं इंदरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

लायंस क्लब स्माइल ने सिम्स में कराया भोजन



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा सेवा एवं मानवता की भावना को आगे बढ़ाते हुए सिम्स परिसर में जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को 5 अक्टूबर को भोजन वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव दीप्ति साहू ,डॉ सुरभि राजगीर, डॉक्टर सविता पांडे,रेणुका श्रीवास्तव, प्रीतम केवट, डॉ सुमन आर्य, सीमा श्रीवास्तव कविता बनर्जी, संगीता लांजेवर गीता प्रजापति, रेनू गौतम, साक्षी केनार ,निक्की पांडे, सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सिम्स के डीन डॉ. रमणेस मूर्ति की उपस्थिति रही।

लायंस क्लब सृजन ने किया वृद्धश्रम में बुजुर्ग महिलाओं को सामग्री वितरण



बिलासपुर। लायंस क्लब सृजन के द्वारा माता रानी की कुटिया वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं को रजाई और खाने पीने की सामग्री का वितरण किया गया। इसमें लायंस क्लब की अध्यक्ष अधिवक्ता श्वेता शास्त्री, सहसचिव ऐश्वर्या शास्त्री, सदस्य सुमांगी श्रीवास्तव, अरुणा श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव आदि मौजूद थीं।

सेवा संकल्प को लेकर की गई थी संभागीय प्रेसवार्ता | **प्रदेश भर में 76 अस्पतालों में गड़बड़ी की चल रही जांच, 17 पर की गई कार्रवाई**


स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-आयुष्मान योजना में गफलत करने वाले नहीं बचेंगे

बिलासपुर। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का कहना है कि प्रदेश भर में 76 अस्पतालों में गड़बड़ी की जांच की जा रही है, जिसमें से 17 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का कायापलट हो चुका है। पिछले ढाई सालों में ऐतिहासिक काम किया गया है। आजादी के 75 सालों के बाद पिछले दो-ढाई वर्षों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं का जितना विस्तार हुआ है, वह अपने आप में एक मिसाल है। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और संवेदनशीलता के चलते सरकारी अस्पतालों से लेकर आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सिम्स 1950 की दशक का है, लेकिन जल्द ही नया बिल्डिंग बनकर तैयार होगा, यह पूरी तरह से इंटीग्रेटेड भवन होगा। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर अस्पताल बनकर तैयार है। इसे पीपीपी मॉडल पर दिया जाएगा, लेकिन सरकार कोशिश कर रही है कि इसमें भी लोगों को सिम्स और जिला अस्पताल की तरह ही रियायती दरों पर इलाज मिले। उन्होंने कहा कि लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से आयुर्वेद भवन का काम भी तेजी से किया जा रहा है, अस्पतालों में पैथोलॉजी और ब्लड जांच की व्यवस्था पहले से काफी उन्नत हो चुकी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अपोलो अस्पताल में कैंसर जैसी बीमारी का इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, कुछ ही दिनों में हार्ट की बीमारियों का इलाज भी आयुष्मान योजना में किया जाना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 76 अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत फर्जी इलाज कर रूपए निकालने का मामला सामने आया है, इसमें 17 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें बिलासपुर के अशोक प्रसूति अस्पताल, केयर एंड क्योर हास्पिटल और मेहता चिल्ड्रन अस्पताल शामिल है। आयुष्मान योजना के तहत जो प्रक्रियाएं और विस्तार होना था, उसे हमारी सरकार ने बहुत तेजी से जमीन पर उतारा है। हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम करती है। यदि कहीं भी कोई गड़बड़ी या लापरवाही हुई है, तो सख्त जांच के आदेश दिए जाएंगें।



अचानक खराब हुई लिफ्ट, फंसे विधायक

प्रेसवार्ता के बाद बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर हॉटल ग्रेड अंबा से निकलने के लिए तैयार हुए। इस दौरान उन्होंने हॉटल के लिफ्ट में एंट्री की, लेकिन बटन दबाते ही नीचे जाने के बजाए लिफ्ट उपर-नीचे जाने लगी। हॉटल कर्मचारी व पार्टी कार्यकर्ता लिफ्ट के बाहर मौजूद रहे। करीब 10 मिनट के लिए लोगों में उथल-पुथल मची, लेकिन कर्मचारी से लिफ्ट में आई खराबी को भाप लिया और नीचे जाकर स्वीच ठीक किया, जिसके बाद लिफ्ट दोबारा सही हो गई, हालांकि इसमें किसी को हानि नहीं हुई है।

पीएम मोदी ने जनसेवा को सत्ता का मुख्य केन्द्र चुना

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि आम राजनेता के लिए सत्ता का मुख्य केन्द्र सुख होता है, लेकिन पीएम मोदी के लिए जन सेवा ही है। योजना का लाभ अंतिम पंक्ति पर बैठे लोगों तक पहुंचाने के लिए 25 वर्ष से कार्य किया जा रहा है। राज्य से लेकर केन्द्र तक नॉन स्टाप सेवा प्रधानमंत्री द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष 7 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। 25 वर्ष निरंतर सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की प्रेरक यात्रा है। 2001 से शुरू की गई जनसेवा की यात्रा निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने हर जिम्मेदारी को जनसेवा का अवसर माना है। गरीब परिवार को पक्का घर, किसान को आर्थिक सहायता, महिला को सम्मान और सुविधा, युवा को अवसर और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि पीएम ने जनकल्याण को योजनाओं तक सीमित नहीं रखा। बैंक खाता, गैस कनेक्शन, शौचालय, नल से जल, स्वास्थ्य बीमा योजना, आवास और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से सरकार और नागरिक के बीच सीधा संबंध बनाया। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुले। बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ने के बाद गरीब परिवारों को सरकारी सहायता सीधे खाते में मिलने लगी। छत्तीसगढ़ के 41 लाख 50 हजार ग्रामीण परिवारों तक नल से पानी पहुँच रहा है। इस दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, शहर दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल, मीडिया प्रभारी केके शर्मा, मीडिया सहप्रभारी दुर्गेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

इस सत्र में केवल 6 हजार 828 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

कालेजों में पिछले साल की तुलना में इस बार आधे स्वाध्यायी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों को इस शिक्षा सत्र में पर्याप्त संख्या में स्वाध्यायी विद्यार्थी नहीं मिले हैं। पिछले साल 12 हजार से अधिक स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, जबकि इस बार केवल 6 हजार 828 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

■ पिछले वर्ष 12 हजार से अधिक स्वाध्यायी विद्यार्थी थे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति के तहत सत्र 2026-27 के प्राईवेट छात्र-छात्राओं को कालेजों के स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में प्रवेश लेना है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्राईवेट छात्र-छात्राओं से रजिस्ट्रेशन सह नामांकन फार्म आनलाइन भरना पड़ता है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा संबद्ध कालेजों में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रुप में प्रवेश लेकर परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपने अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन रजिस्ट्रेशन सह नामांकन फार्म भराया गया है। इस सत्र 6 हजार 828 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरा है, जबकि पिछले साल यूनिवर्सिटी में करीब साढ़े बारह हजार स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने फार्म भरा था। इस बार स्वाध्यायी विद्यार्थियों की संख्या कम होने के पीछे वजह आवेदन करने के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से पर्याप्त समय नहीं दिए जाने और विलंब से फार्म भराना शुरू करने का बताया जा रहा है।



19 सितंबर तक बढ़ाई गई थी प्रवेश तिथि

अटल यूनिवर्सिटी ने स्वाध्यायी, अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के आनलाइन रजिस्ट्रेशन व नामांकन फार्म भराने की शुरुआत 20 अगस्त से की, जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त तक थी। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग ने रेगुलर प्रवेश के लिए तिथि बढ़ाई गई, उसमें स्वाध्यायी विद्यार्थियों को भी 19 सितंबर तक प्रवेश लेने का अवसर दिया गया। लेकिन प्रवेश तिथि बढ़ने के बाद ज्यादा स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है। दूसरी तरफ सरगुजा के संत गहिरा गुरु यूनिवर्सिटी अंबिकापुर ने पहले चरण में स्वाध्यायी विद्यार्थियों से आनलाइन रजिस्ट्रेशन, नामांकन भराने के बाद दूसरे चरण के लिए 1 सितंबर से 30 सितंबर रजिस्ट्रेशन, नामांकन फार्म भरने की तिथि बढ़ाई है।

नियमित प्रवेश नहीं ले पाने वालों के लिए विकल्प

स्नातक पाठ्यक्रमों में जो छात्र-छात्राएं नियमित विद्यार्थी के रूप में कॉलेजों में एडमिशन नहीं ले पाते, उनके लिए अध्ययन पूरा करने या डिग्री प्राप्त करने के लिए प्राइवेट परीक्षा एक विकल्प होता है, इसलिए प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या भी काफी अधिक होती है। कालेजों में फर्स्ट ईयर में रेगुलर एडमिशन की तिथि समाप्त होने वाली थी, उसी बीच यूनिवर्सिटी ने प्राईवेट विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन, सह नामांकन प्रक्रिया चालू की थी। इससे यूनिवर्सिटी के पास यह आंकड़ा आ गया है कि कितने लोग स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल होने वाले हैं।

नई शिक्षा नीति में भी स्वाध्यायी विद्यार्थी

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद नई स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति लाई गई। उसके पहले कालेजों में वार्षिक पद्धति से अध्यन-अध्यापन कार्य सहित परीक्षा आयोजित की जाती थी। इसमें नियमित विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने बाद और वार्षिक परीक्षा के पहले स्वाध्यायी विद्यार्थियों से फार्म भराया जाता था। उन्हें सत्र के शुरुआत में ही प्रवेश लेना नहीं पड़ता था। लेकिन नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया है इसलिए सत्र के शुरू में ही विद्यार्थियों को भी रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश लेना पड़ता है।

अफसरों की मौजूदगी में विकास और जनसमस्याओं पर संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित "सेवा संकल्प अभियान एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान"के 19वें दिवस का कार्यक्रम में प्रशासनिक अफसरों और व्यापारियों की मौजूदगी में बिलासपुर के विकास, यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, नागरिक सुविधाओं एवं सामाजिक जिम्मेदारीसे जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

■ सेवा संकल्प अभियान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह, निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथियों में मनीष अग्रवाल, जवाहर सराफ, मुस्ताक, सौरभ सक्सेना , सुशील अग्रवाल, अनिल तिवारी थे। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल, सेवा भावना एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जुड़े विषयों पर विचार रखे। श्री सोनी ने सदर बाजार में रोजाना होने वाली यातायात समस्या, सड़क तक फैलने वाली दुकानों एवं अतिक्रमण जैसी स्थितियों के समाधान की आवश्यकता बताई। उन्होंने सदर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की समस्या के समाधान की भी मांग रखी। एसएसपी रजनीश सिंह ने बताया कि पुलिस, नगर निगम एवं सदर बाजार व्यापारी समिति के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक समन्वित टीम बनाई जाएगी, जो यातायात व्यवस्था, सड़क तक फैली दुकानों एवं संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए कार्य करेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल सकारात्मक सोच के साथ समाज एवं दुनिया को देखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंकज पारेख, राजेश शाह, प्रमोद वर्मा, जितेंद्र सोनी, अजय सराफ श्रीकांत पांडे - रौनक साव, यशवंत वर्मा, सूरज सोनी, शशांक स्वर्णकार, सज्जन सोनी, राजेश सोनी, प्रकाश सोनी आदि मौजूद थे। मंच संचालन सुश्री अलंकृता मिश्रा ने किया। श्रीकांत पांडे ने आभार व्यक्त किया।

7 को निकाली जाएगी सेवा ज्योति कलश यात्राः अमर

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर की जिला कार्यसमिति की बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई थी। यह बैठक नगर विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुई, जिसमें 7 अक्टूबर को होने वाले सेवा ज्योति कलश यात्रा पर चर्चा हुई।



भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शहर विधायक अमर अग्रवाल ने जिले के सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान की शुरूवात 17 सितंबर से प्रारंभ हो गई है जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत अभी तक सभी कार्यक्रमों को आप लोगों ने अपनी एकजुटता एवं सहभागिता से अच्छी तरह सफल बनाया। 7 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम सेवा ज्योति कलश यात्रा को भी सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि यात्रा का एकत्रीकरण सुबह 9 बजे तक हर हाल में मंचीय कार्यक्रम स्थल बहतराई स्थित खेल परिसर में एकत्रीकरण होना है, जहां सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन होगा। इसके पश्चात प्रधानमंत्री द्वारा मशाल प्रज्जवलित की जायेगी तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्जवलित की जायेगी। इसके बाद कलश यात्रा की शुरूवात होगी और यात्रा लगभग 1 किमी तक निकाली जायेगी। इस कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता भी आवश्यक है। इस अवसर पर क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत देश को समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करें और जनजागरण अभियान प्रारंभ करें। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्षों को इस कलश यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने सामूहिक रूप से जुट जाना है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक एवं आभार जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, गुलशन ऋषि, किशोर राय, विनोद सोनी, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, वाणी राव, पेंगन वर्मा, प्रवीण दुबे, संतोष कौशिक,आदि उपस्थित थे।

अरपा पार रावण दहन की तैयारी अलग निगम कब बनेगा

बिलासपुर। अरपा नदी के पार बसे अरपांचल में इस वर्ष पहली बार नगर निगम द्वारा शासकीय स्तर पर रावण दहन का आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बेलतरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विजय केशरवानी ने क्षेत्र की अलग नगर निगम की वर्षों पुरानी मांग को फिर उठाया है।



उन्होंने कहा कि यदि अरपांचल शासकीय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण हो चुका है, तो यहां की जनता को अलग प्रशासनिक पहचान देने की दिशा में सरकार ठोस पहल क्यों नहीं कर रही है। केशरवानी ने कहा कि अरपांचल में नगर निगम के 24 वार्ड हैं और बड़ी आबादी निवास करती है। इसके बावजूद सड़क, नाली, जलनिकासी, स्वच्छता, यातायात और जलभराव जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। बारिश के दौरान कई इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो जाती है और कुछ स्थानों पर राहत एवं बचाव के लिए नावों का सहारा तक लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अलग नगर निगम की मांग केवल प्रशासनिक सीमा बदलने की नहीं, बल्कि क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप विकास और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग है। उन्होंने कहा कि अरपांचल को केवल शहर के बाहरी हिस्से के रूप में नहीं देखा जा सकता। क्षेत्र में एसईसीएल का मुख्यालय, अपोलो अस्पताल, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय और ओवन विश्वविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं। इसके अलावा बहतराई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तथा भविष्य में प्रस्तावित स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण भी क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है। श्री केशरवानी ने कहा कि शासकीय रावण दहन का आयोजन उनका विरोध का विषय नहीं है। सवाल यह है कि जब क्षेत्र को बड़े शासकीय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, तो जनता की वर्षों पुरानी अलग नगर निगम की मांग पर निर्णय कब होगा।

कौशल विकास यात्रा से विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरुक



बिलासपुर। एआईएसईसीटी द्वारा आयोजित कौशल विकास यात्रा-2026 देशभर में संचालित की जा रही है। समर्थ भारत-सक्षम भारत, थीम पर आधारित यह यात्रा 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित की जा रही है।

यात्रा के अंतर्गत 5 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज, सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल मटपुरेना और जे. एन. पाण्डेय सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरुकता एवं विद्यार्थी संवाद कायक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, करियर के अवसरों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआईएसईसीटी की विभिन्न शैक्षिणक पहलों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ देवव्रत दासगुप्ता ने कहा कौशल विकास यात्रा युवाओं को भविष्य की तकनीकों, कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि कौशल विकास यात्रा विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने, करियर की संभावनाओं को तलाशने तथा भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकिसत करने की दिशा में मागर्दशर्न प्रदान कर सकती है।

विश्वरंग 2026: भारतीय कला, संस्कृति और ज्ञान परंपरा पर मंथन

विश्वरंग भारतीय ज्ञान परंपरा के विमर्श का प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के 'विश्वरंग 2026' के अंतर्गत पटना संग्रहालय में भारतीय कला, संस्कृति और ज्ञान परंपरा के विविध पक्षों पर गंभीर वैचारिक मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कला प्रदर्शनी और दृश्य कला गतिविधियों पर केंद्रित फिल्म के प्रदर्शन के साथ हुआ।

अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और भारतीय कला परंपराओं को मिले वैश्विक मंच की सराहना की। विशेष सत्र में पूर्व राजनयिक पवन के वर्मा और विश्वरंग के निदेशक डॉ. संतोष चौबे ने विचार व्यक्त किए। पवन वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति, भाषा और दर्शन का दक्षिण-पूर्व एशिया में प्रसार बिना किसी सैन्य दबाव के हुआ। रामायण और महाभारत का प्रभाव आज भी वहां स्पष्ट दिखता है। उन्होंने भक्ति साहित्य और दर्शन के अंतरराष्ट्रीय अनुवाद संस्थान की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. संतोष चौबे ने बताया कि विश्वरंग की शुरुआत हिंदी और भारतीय भाषाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच देने के लिए हुई थी। कोविड काल में तकनीक से 35 देशों को जोड़ा गया और आज यह यात्रा 75 देशों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वरंग अब भारतीय ज्ञान परंपरा और चेतना के विमर्श का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है।



भारतीय संस्कृति के वैश्विक विस्तार को नई दिशा दी

'समकालीन भारतीय कला' और 'रवीन्द्रनाथ टैगोर की कलात्मक दृष्टि' जैसे सत्रों में वरिष्ठ चित्रकारों व समीक्षकों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने कला को जन-सामान्य से जोड़ने और कला संगठनों की भूमिका को रेखांकित किया। संग्रहालय में टैगोर के चित्रों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। कहानी पाठ सत्र में डॉ. संतोष चौबे ने अपनी चर्चित कहानी 'गरीबनवाज' का प्रभावशाली पाठ किया। वरिष्ठ साहित्यकार लीलाधर मंडलोई और मुकेश वर्मा ने कहानी में मौजूद सामाजिक सामंजस्य व प्रतिरोध की चेतना की प्रशंसा की। विश्वरंग 2026 ने साहित्य और कला को एक साझा मंच प्रदान करते हुए भारतीय संस्कृति के वैश्विक विस्तार को नई दिशा दी।

स्वदेशी जागरण मंच बांटेगा पाप्लेट



बिलासपुर। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबी भारत अभियान की मासिक बैठक रविवार को डॉक्टर सुशील श्रीवास्तव के निवास पर हुई। बैठक में आगामी त्यौहारों को ध्यान में देखते हुए व्यापारियों एवं जनता में स्वदेशी विदेशी वस्तुओं की जनजागृति लाने के लिए ब्यपारियों से सम्पर्क करने के लिए 14 अक्टूबर को सिटी कोतवाली चौक से गांधी चौक तक पाम्पलेट, स्टिगर के माध्यम से लोगों में जनजागृति लाने पर विचार किया गया। साथ मे दुर्गा पंडालों में स्वदेशी विदेशी वस्तुओं की जानकारी के लिए सूची लगाना एवं आगामी मेला 2026 के तैयारियां के लिए चर्चा की गई।

खबर संक्षेप

छात्रा ने कीटनाशक पीकर कर ली खुदकुशी

बिलासपुर। खाना बनाने को लेकर बड़ी बहन से विवाद होने पर एलएलबी की छात्रा ने



कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी भटचौरा निवासी विसंभर पुरैना ने बताया कि उनकी बेटी संध्या कुमारी 21 साल बलौदाबाजार में एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। 4 अक्टूबर की सुबह घर में खाना बनाने को लेकर संध्या का उसकी बड़ी बहन अंकिता से विवाद हो गया। इसे लेकर बड़ी बहन ने उसे डांट फटकार लगा दी। जिससे आक्रोशित होकर संध्या ने घर में रहे कीटनाशक पी लिया। हालत गंभीर होने पर घटना की जानकारी परिजन को हुई। पूछने पर संध्या ने कीटनाशक सेवन करना बताया और कीटनाशक की खाली डिब्बा रखा हुआ था। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

बच्चे को ट्यूशन छोड़कर महिला लापता, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद महिला रहस्यमय ढंग से लापता हो गई है। पुलिस



अपहरण का मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। तीन दिन बाद भी पुलिस महिला सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका शिवम वाटिका कालोनी निवासी हिमांशु कुर्रे पति हरीश कुर्रे 32 साल 2 अक्टूबर को शाम 5 बजे बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गई हैं। श्रीमती कुर्रे के घर नहीं लौटाने पर परिजन ने रिश्तेदारी व जान पहचान में पतासाजी की, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। 3 अक्टूबर को परिजन ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 140 के तहत जुर्म दर्ज कर शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज व रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी फुटेज खंगाला, किन्तु पता नहीं लग पाया है। बहरहाल 3 दिन बाद भी महिला का पता नहीं चल पाया है।

तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी

बिलासपुर। तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल



गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान कार्रवाई में लगी हुई है। सोमवार की सुबह सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम बहतराई के लोगों ने नाग नागिन तालाब में एक युवक की लाश देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर तालाब से शव बाहर निकलवाया गया। शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने की कोशिश की गई। किन्तु मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की उम्र 34, 35 साल बताई जा रही है।

शासन ने बदला निर्णय | **अब तक अनावश्यक परेशान होते रहे किसान**

धान बेचने के लिए सह खातेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। इसके मुताबिक अब केवल लंबरदार को ही एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा सोमवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद पंजीयन के लिए भटक रहे हजारों किसानों को राहत मिल सकेगी।

शासन द्वारा जून महीने में जारी किए गए आदेश के अनुसार सह खातेदारों को भी एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया था, तभी वे समर्थन मूल्य पर अपना धान समितियों में बेच पाते। इस आदेश के बाद प्रदेश भर के किसानों में सह खातेदारों द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन की होड़ सी मच गई थी। इस चक्कर में किसान हलाकान भी होते रहे। प्रदेश में लाखों की संख्या ऐसे महिला सह खातेदारों की भी, जिनका विवाह हो चुका है और वे अन्यत्र निवास कर रहीं हैं। इस श्रेणी की महिला खातेदारों के द्वारा भी मोबाईल ओटीपी के आधार पर अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराया गया था।

सोमवार को शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए पूर्व में जारी सह खातेदारों के भी एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब केवल लंबरदार का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं है।

← कितने खातेदारों ने करा लिए पंजीयन, कोई रिकार्ड नहीं →

खाते में शामिल सभी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य करने के बाद हड़बड़ाए किसान बड़ी संख्या में एग्रीस्टेक पंजीयन कराने सेंटर में पहुंचते रहे। जबकि जिले के किसी भी विभाग के पास इस बात की डिटेल नहीं है कि अब तक कितने खातों के शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण हो चुका है व कितने खाते अभी भी इससे छूटे हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख केएस यादव ने इस बात की पुष्टि की है कि कितने खातों के सारे सह खातेदारों के द्वारा भी अपना पंजीयन कार्य पूरा करा लिया गया है इस बात का विभाग में कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।

की गई नई व्यवस्था

खाते में दर्ज सारे सह खातेदार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अब आवश्यक नहीं है। । धान बेचने के लिए केवल लंबरदार का पंजीयन अनिवार्य है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

-अमृत कुजूर,
खाद्य नियंत्रक

जाम...



सोमवार को उसलापुर ओवरब्रिज पर दोपहर 1 बजे ट्रैफिक जाम हो गया, चिलचिलाती धूप में सैकड़ों लोग परेशान होते रहे।

महिला कांग्रेस शहर व जिला अध्यक्ष की जल्द नियुक्ति के संकेत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा ने सोमवार को अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान महिला कांग्रेस में शहर, जिला अध्यक्ष के पद पर जल्द ही नियुक्ति के संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस के आगे रणनीति पर चर्चा हुई है और जनता के मुद्दों को लेकर महिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन आदि सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

■ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जनता के मुद्दे पर सड़क पर लड़ाई लड़ेगी महिला कांग्रेस

प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा ने बताया कि महिला कांग्रेस जिला संगठन में बहुत जल्द नियुक्ति की जाएगी और लोगों के सामने रिजल्ट आ जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार से लेकर भातर सरकार तक की हालत बहुत खराब है। आज शक्कर, तेल, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की मंहगाई को देखिए तथा किसान, युवा, महिलाएं सभी परेशान हैं, इसलिए महिला कांग्रेस जनता के इन सब मुद्दे सहित एसआईआर को लेकर महिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

श्रीमती सिन्हा ने भाजपा के सेवा संकल्प अभियान को छलावा बताते हुए कहा कि केवल आवेदन लिया जा रहा है और कोई काम नहीं हो रहा है। महिला आरक्षण एवं चुनाव में महिलाओं को टिकट के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि भाजपा से ज्यादा कांग्रेस में महिलाएं है और आज भी जितना प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए है उतना सम्मान चुनाव में महिलाओं को मिलेगा।

बैठक में एकजुटता और सक्रियता पर जोर

महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार बिलासपुर आगमन हुआ। उन्होंने कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की बैठक ली, जिसमें उन्होंने महिलाओं को एकजुटता के साथ आगामी चुनाव को देखते हुए अभी से सक्रिय होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक साथ मिलकर और पुराने लोगों को भी साथ लेकर अच्छे से काम करना है। महिला आरक्षण को लेकर कहना था कि अभी 33 प्रतिशत आरक्षण है और 50 प्रतिशत के लिए लड़ाई लड़नी होगी। अगर आरक्षण मिली तो ज्यादा महिलाओं को अवसर मिलेगा इसलिए अभी से तैयारी में जुट जाए और सक्रिय होकर काम करें। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय व रश्मि सिंह, सीमा पांडेय, सीमा धृतेश, शिल्पी तिवारी, मंजू त्रिपाठी, रीता मजूमदार, बिना मसीह, गीताजंलि कौशिक, अनीता शुक्ला, एंजल चौकसे, अनुपा मिश्रा आदि कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभी तक बमुश्किल नाली निर्माण ही प्रारंभ

अतिक्रमण ने रोकी सीपत-बलौदा मार्ग के निर्माण की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


सीपत-बलौदा के बीच बीस करोड़ की लागत से प्रस्तावित चौदह किलोमीटर सड़क का निर्माण नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। अभी इस सड़क में बमुश्किल नाली का निर्माण ही प्रारंभ किया जा सका है। विभाग के अनुसार मार्ग में काफी अतिक्रमण हैं, जिन्हें हटाने में ही काफी समय खर्च हो रहा है। हालांकि निर्माण की धीमी रफ्तार के पीछे बारिश को भी कारण बताया गया है।

■ सड़क पर से अतिक्रमण हटाने माथापच्ची कर रहा विभाग

सड़क पर छोटी बाउंड्रीवॉल एवं टिन शेड बनाने वालों के कारण बिलासपुर से कोरबा जाने के लिए सबसे शार्टकट रास्ता माने जाने वाले सीपत-बलौदा मार्ग के निर्माण की चाल सुस्त नजर आ रही है। सड़क की कुल लंबाई चौदह किलोमीटर है, लेकिन पूरे मार्ग में बेजा-कब्जाधारियों की उपस्थिति है। लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्कआर्डर जारी करने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा नाली का निर्माण प्रारंभ किया गया है, लेकिन लगातार अतिक्रमण के चलते निर्माण की गति काफी धीमी है। इसके कारण अति जर्जर हो चुके मार्ग में आवागमन करने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। सीपत से प्रारंभ होकर बलौदा से ठीक पहले लीलागर नदी तक 14 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क की कुल लागत 19 करोड़ 84 लाख रूपए होगी। इसी तरह चौड़ाई साढ़े सात मीटर रखी जानी है। विभाग के अनुसार बारिश की समाप्ति के बाद अब सड़क के निर्माण को गति मिल सकेगी।

नेहरू चौक से पेंड्रीडीह सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू

नेहरू चौक से पेंड्रीडीह के बीच प्रस्तावित सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार वर्तमान में मार्ग में नाली निर्माण का कार्य जारी है। चूंकि इस इस मार्ग में कुल लंबाई में नाली निर्माण की स्वीकृति नहीं है, जिससे ऐसे स्थान जहां नाली में टूटफूट है, केवल उन्हीं स्थानों पर ही नाली निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यहां नाली निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। इसके साथ ही कुछ ही दिनों में सड़क निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा।



कोनी-पत्रकार कॉलोनी सड़क फोरलेन तो बनेगी, लेकिन विद्युतीकरण नहीं

कोनी से पत्रकार कॉलोनी के बीच शासन ने फोरलेन सड़क के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके टेंडर की प्रक्रिया भी जारी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार सड़क निर्माण को तो मंजूरी मिली है, लेकिन रोड की स्वीकृति में विद्युतीकरण शामिल नहीं है। ऐसे में चकाचक फोरलेन सड़क तो बन जाएगी, लेकिन मार्ग अंधकारमय ही रहेगा।

अतिक्रमण के कारण गति धीमी है

सीपत-बलौदा मार्ग में नाली निर्माण का कार्य जारी है। मार्ग में काफी अतिक्रमण होने के कारण निर्माण की गति धीमी रही है। अब बारिश समाप्ति के बाद गति में तेजी आने की संभावना है। नेहरू चौक से पेंड्रीडीह के बीच भी निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। इस सड़क में भी अभी नाली का निर्माण हो रहा है। कोनी से पत्रकार कॉलोनी के बीच स्वीकृत फोरलेन सड़क में विद्युतीकरण शामिल नहीं है।

-आदित्य ग्रोवर, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

युवक पर धारदार हथियार से हमला, 3 गिरफ्तार

बिलासपुर। लिफ्ट मांगकर पैसे की मांग करते हुए युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



शनिवार की रात सिरगिट्टी नगपुरा निवासी राघवेन्द्र यादव पिता स्व. भरतलाल यादव गांव से बाइक में सवार होकर शहर की ओर जा रहे थे। सिरगिट्टी फाटक के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगा। उन्होंने युवक को अपनी बाइक में बैठा लिया। कुछ दूर शराब दुकान के पास गाड़ी रूकवाकर युवक राघवेन्द्र से पैसा मांगने लगा। मना करने पर वह अपने साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट कर चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर निखिल कोरी, तुषार जाल, विलास गजभिये उर्फ छोटा को गिरफ्तार कर लिया है।

दो युवकों पर चाकू से हमला

बिलासपुर। अलग अलग दो घटनाओं में आपसी विवाद के चलते दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द गली नम्बर 7 निवासी हनुमंत कांता राव पिता एच अप्पाहू 4 अक्टूबर की रात 12 बजे दोस्त अनिल पटेल के घर खाना खाने जा रहे थे। उसी समय कपिल यादव शराब पीकर गाली गलौज रह रहा था। अनिल पटेल ने उसे गाली देने से मना किया। जिससे कपिल यादव अनिल के साथ मारपीट करने लगा। वह बीच बचाव करने गया तो उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से कमर में हमला कर दिया है। दूसरी घटना में बुधवारी बाजार बापूनगर निवासी सूर्या चौहान व आर्यन पाण्डेतय घर के पास बैठकर नशा कर रहे थे। विवाद होने पर आर्यन पाण्डेय ने सूर्या चौहान के साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से पीठ पर हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

अरपा-भैंसाझार से बढ़ रहा सिंचित क्षेत्र

बिलासपुर। खेती के लिए समय पर पानी की उपलब्धता किसानों की बड़ी जरूरत है। जिले में घोंघा मध्यम जलाशय और अरपा-भैंसाझार बैराज परियोजनाएं इस जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नहरों के माध्यम से खेतों तक पहुंचता पानी किसानों की मेहनत को संबल दे रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित इन परियोजनाओं से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। कोटा विकासखंड के ग्राम पटैता में निर्मित घोंघा मध्यम जलाशय परियोजना क्षेत्र के 49 गांवों के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख आधार है। परियोजना से 8,343 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर, दंपती सहित 4 घायल

बिलासपुर। ट्रेलर चालक ने कार को टक्कर मार दी, हादसे में कार सवार पति पत्नी व दो बेटे घायल हो गए हैं और कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी प्रभात कुमार साहू पिता केदार प्रसाद साहू 4 अक्टूबर की सुबह अपनी पत्नी सुकृता साहू, बेटा मोहन, मणीशंकर को लेकर कार क्रमांक सीजी 04 एचडी, 5627 से पैतृक गांव खैरी जा रहे थे। सुबह 11 बजे नेशनल हाइवे पटेल ढाबा के पास पीछे से खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 1710 के चालक उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी व दोनों बच्चों को चोट आई और कार क्षतिग्रस्त हो गई है। इधर चालक ट्रेलर छोड़कर भाग गया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर गाड़ी जब्त कर फरार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



बाइक सवार युवक की मौत

बिलासपुर। बीती रात मुंगेली नाका में तेज रफ्तार में रांग साइड जाकर



स्कूटी को टक्कर मारने वाले बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, 4 अक्टूबर की रात डेढ़ बजे बाइक क्रमांक सीजी 10 ईजी, 4903 में सवार लिंगियाडीह निवासी भरत साहू पिता शत्रुप्रसाद साहू 28 साल मुंगेलीनाका की ओर से खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए जा रहा था, बाइक सवार ने रांग साइड में पेट्रोलपंप की ओर जाकर स्कूटी सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है।





ड्रिंक एण्ड ड्राइव में बाइक पकड़े जाने पर दो महिलाओं ने ट्रैफिक थाने में मचाया हंगामा

बिलासपुर। ड्रिंक एण्ड ड्राइव में बाइक जब्त होने पर दो महिलाओं ने ट्रैफिक थाने में जमकर हंगामा मचाया। सिविल लाइन पुलिस दोनों महिलाओं को थाने लाकर समझाइश देकर लौटा दिया है।

4 दिन पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बाइक जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। सोमवार को गाड़ी चालक दो महिलाओं को लेकर ट्रैफिक थाने ले आया। दोनों महिलाएं थाने में जबरदस्ती बाइक को जब्ती बनाने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगीं। थाने के सामने महिलाओं के हंगामा मचाने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर जाकर दोनों महिलाओं को थाने ले गई। टीआई



किशोर केंवट ने दोनों महिलाओं को शराब पीकर गाड़ी चलाने पर बाइक जब्ती होने की जानकारी देते हुए समझाइश दी। उसके बाद महिलाएं लौट गईं।